

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 53 रविवार 05 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण तृतीया विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया




## वार अपडेट

### बुशहर परमाणु संयंत्र के पास हमला, एक की मौत

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र के पास हमला, एक की मौत ईरान की परमाणु एजेंसी ने कहा है कि उसके बुशहर परमाणु संयंत्र के पास एक हवाई हमला हुआ, जिसमें एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई और एक सहायक इमारत को नुकसान पहुंचा। यह युद्ध के दौरान इस संयंत्र पर चौथी बार हमला है। एजेंसी ने शनिवार को इस हमले की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की।

### दक्षिणी ईरान के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में धमाके

दक्षिणी ईरान के खुजेस्तान प्रांत स्थित महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन में जोरदार धमाकों की खबर सामने आई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट के बाद इलाके में धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। हालांकि, अभी तक धमाकों के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### ईरान में विश्वविद्यालयों की पढ़ाई अब ऑनलाइन

ईरान में मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, अब पूरे ईरान में विश्वविद्यालयों की कक्षाएं अगली सूचना तक ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएंगी। समाचार एजेंसियों के अनुसार, यह कदम सुरक्षा और सतर्कता को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौजूदा स्थिति को देखते हुए प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।

### रियाद हमले से IRGC ने झाड़ा पल्ला

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास पर हुए ड्रोन हमले में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ इनकार किया है। कम्ऋछ का कहना है कि यह हमला ईरानी सेना ने नहीं, बल्कि इस्राइल ने अंजाम दिया है।

### ईरान ने अब तक 160 ड्रोन मार गिराने का किया दावा

ईरान ने अपनी सैन्य ताकत का दावा करते हुए कहा है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने अब तक 160 से ज्यादा दुश्मन ड्रोन, कई क्रूज मिसाइल और आधुनिक लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता नई तकनीक और रणनीति के इस्तेमाल का नतीजा है।

### लेबनान में घायल वठ शांति सैनिक इंडोनेशियाई, दो की हालत गंभीर

संयुक्त राष्ट्र ने जानकारी दी है कि लेबनान में शुक्रवार को घायल हुए तीन शांति सैनिक इंडोनेशिया के हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाके के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### अमेरिकी MQ-1 ड्रोन को भी मार गिराया

ईरान ने दावा किया है कि उसने इस्फहान प्रांत के ऊपर एक अमेरिकी MQ-1 ड्रोन को भी मार गिराया है।

## पीएम मोदी ने केरल में भरी सियासी हुंकार, कहा-

# कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत



**एजेंसी समाचार**

**तिरुवल्ला (केरल)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज केरल में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हमारे केरलम को ईश्वर ने अपार संसाधन और संभावनाएं दी हैं। यहां समंदर में ब्लू इकोनॉमी के असीम अवसर हैं। यहां उद्योगों के लिए संभावनाएं हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन केरल बाकी राज्यों से लगातार पीछे होता जा रहा है।'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि राज्य में इस बार माहौल बदल चुका है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को मतदान के बाद 4 मई को एनडीए सरकार बनने जा रही है। उन्होंने महिलाओं के समर्थन को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि राज्यभर में एनडीए के पक्ष में माहौल दिख रहा है। उन्होंने उम्मीदवार अनुप को समर्पित और मेहनती बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की। रैली के दौरान उन्होंने सबरीमाला और भगवान अयप्पा का भी उल्लेख किया गया और इसे सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी बोले कि केरल के लोगों को कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत है। केरल में रैली को संबोधित करत हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में केरल को फायदा होगा, भले ही उन्हें खुद व्यक्तिगत रूप से कुछ नुकसान उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार अनूप पिछले पांच वर्षों से उनके साथ पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। वह शांत, ईमानदार और दिन-रात काम करने वाले कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल को ऐसे युवा नेता की जरूरत है और आज वह अनूप को जनता के हवाले कर रहे हैं ताकि वह लोगों की सेवा कर सकें। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत केरल के भाजपा कार्यकताओं से बातचीत की थी। इस दौरान 5000 शक्ति केंद्रों से 1.25 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुड़े। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं का एक ही संदेश था कि केरल की जनता अब एलडीएफ सरकार को हटाने का मन बना चुकी है।

## पश्चिम एशिया संकट पर बोले पीएम

# खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध, दुश्मनी चाहती है कांग्रेस

**एजेंसी समाचार**

**तिरुवल्ला (केरल)।** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके। प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।



प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है।

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ।

# 'पति-पत्नी के झगड़े से नहीं बनता आत्महत्या का मामला'

## हाईकोर्ट की टिप्पणी; महिला को दी राहत

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि सिर्फ वैवाहिक विवाद के आधार पर किसी जीवनसाथी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप नहीं लगाया जा सकता। अदालत ने कहा कि घरेलू जीवन में मतभेद और तनाव सामान्य बात है और इसे सीधे तौर पर आत्महत्या से जोड़ना उचित नहीं है। नागपुर बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए एक 49 वर्षीय महिला के खिलाफ दर्ज आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को खारिज कर दिया। यह मामला 2019 में अमरावती पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि आरोपी ने सीधे तौर पर पीड़ित को ऐसा कदम उठाने के लिए प्रेरित किया या उसे उकसाया। केवल पति-पत्नी के बीच झगड़े या आरोप-प्रत्यारोप को इसका आधार नहीं बनाया जा सकता। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के की एकल पीठ ने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दुर्व्यवहार और प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। ऐसे में इसे अधिकतम मानसिक तनाव का कारण माना जा सकता है, लेकिन इसे आत्महत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।



# रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में कोर्ट में सुनवाई पूरी, अब फैसले का इंतजार

**एजेंसी समाचार**



**नई दिल्ली।** रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है और अब कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर लैंड डील से जुड़ा हुआ है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वाड्रा और अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट अब इस बात पर फैसला करेगा कि इस चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। इसके लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की गई है। दरअसल, यह पूरा मामला साल 2008 का है, जब गुरुग्राम के शिकोहपुर इलाके में करीब 3.53 एकड़ जमीन का सौदा हुआ था। ईडी का आरोप है कि इस जमीन खरीद-फरोख्त में मनी लॉन्ड्रिंग और गड़बड़ियां हुईं। जांच एजेंसी के मुताबिक, रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने फरवरी 2008 में यह जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड से करीब 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

# मौसम ने ली अंगड़ाई: कई राज्यों में ओलावृष्टि और भारी बारिश की चेतावनी



**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। देश के एक बड़े हिस्से में अचानक आए इस बदलाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कई राज्यों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में कई राज्यों में तेज आंधी-तूफान के साथ भारी ओलावृष्टि और बिजली कड़कने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

मौसम विभाग ने उत्तर से लेकर मध्य भारत तक के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में तेज हवा के साथ-साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। इन सभी इलाकों में लोगों को सावधान रहने को कहा गया है। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर के लिए भी ऑरेंज अलर्ट है, जहां भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

## मोदी सरकार का दावा-

# ईरान के साथ भुगतान की कोई समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित



**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है। मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। यदि यह खेप भारत आती, तो लगभग सात वर्षों में ऐसी पहली खेप होती। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कहा, "ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है।" मंत्रालय ने स्पष्ट किया, "भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने क ा पूर्ण लचीलापन है।" मंत्रालय के अनुसार, "पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधाओं के बीच, भारतीय रिफाइनरियों ने ईरान सहित अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित कर लिया है, और अफवाहों के विपरीत ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है।" जहाजों पर नजर रखने वाली फर्म 'केपलर' ने शुक्रवार को कहा था कि 2002 में निर्मित और 2025 में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित टैंकर 'पिंग शुन' अब गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन के डोंगयिंग को अपना गंतव्य बता रहा है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि लगभग 44,000 टन ईरानी एलपीजी लाने वाला एक जहाज सी बर्ड दो अप्रैल को मंगलौर पहुंचा और इस समय माल उतार रहा है।

# होर्मुज खुलवाने के प्रस्ताव पर बहरीन ने टाला मतदान

**एजेंसी समाचार**

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस माह की अध्यक्षता संभाल रहे खाड़ी देश बहरीन ने उस प्रस्ताव पर मतदान टाल दिया, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और उस पर ईरान के प्रभुत्व को खत्म करना था। संयुक्त राष्ट्र के दो राजनयिकों ने यह जानकारी दी। हालांकि, रूस और चीन के कड़े विरोध के कारण पहले ही इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। परिषद की बैठकें गोपनीय होने के कारण नाम न उजागर करने की शर्त पर राजनयिकों ने बताया कि अब इस प्रस्ताव पर मतदान अगले सप्ताह कराया जाएगा।

## राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी पर किया पलटवार, कहा-

# 'क्योंकि मैं घायल हूं इसलिए घातक हूं'...

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के बीच शनिवार को उस समय जुबानी जंग तेज हो गई, जब चड्ढा ने पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके खिलाफ "सुनियोजित अभियान" चलाया गया है। आरोपों को "झूठा" करार देते हुए चड्ढा ने कहा, "मैंने हमेशा संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया है; मैं वहां सरकार पर दबाव डालने के लिए हूं, हंगामा करने के लिए नहीं।"

फिल्म "धुरंधर" के एक संवाद का सहारा लेते हुए चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में कहा, "हर झूठ का पदार्फाश होगा। क्योंकि मैं घायल हूं इसलिए घातक हूं।" चड्ढा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा उन पर किए गए तीखे हमले के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में आवाज उठाने से कतराने का आरोप लगाया गया था। राज्यसभा में 'आप' के उपनेता पद से हटाए जाने के एक दिन बाद चड्ढा ने शुक्रवार को कहा था कि "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना।"



चड्ढा ने इस आरोप को "सरासर झूठ" बताया कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बहिर्गमन नहीं किया। उन्होंने अपने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसा उदाहरण पेश करें जहां उन्होंने (बहिर्गमन में) भाग नहीं लिया हो। मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के एक अन्य आरोप का खंडन करते हुए, चड्ढा ने कहा कि किसी भी पार्टी नेता ने औपचारिक या अनौपचारिक रूप से उनसे इस पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था।

चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी के कई अन्य सांसदों ने भी इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। उन्होंने कहा कि वह जवाब नहीं देना चाहते, लेकिन अगर झूठ को लगातार दोहराया जाए तो वो भी सच लगने लगता है। चड्ढा ने कहा, "मुझ पर पहला आरोप यह लगाया गया कि मैंने विपक्ष के साथ बहिर्गमन नहीं किया। यह सरासर झूठ है, और मैं आपको (आम आदमी पार्टी) चुनौती देता हूं कि आप मुझे एक भी उदाहरण, एक भी घटना बताइए, जहां विपक्ष ने बहिर्गमन किया हो और मैंने उनका समर्थन न किया हो। संसद में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। मुझे फुटेज दिखाइए, सब स्पष्ट हो जाएगा।"

सांसद ने कहा, "वे कह रहे हैं कि मैं डरा हुआ हूं इसीलिए बेकार के मुद्दे उठा रहा हूं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं संसद में हंगामा करने, चिल्लाने, माइक तोड़ने या अपशब्द कहने नहीं गया था। मैं वहां लोगों की समस्याओं को उठाने गया था।"

# ईरान ने मार गिराए अमेरिकी 7 लड़ाकू विमान

## जंग में 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 की मौत



**एजेंसी समाचार**

**वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इन आंकड़ों में ईरान में हाल ही में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मार गिराये जाने और लापता चालक दल को खोजने के लिए चलाए गये बचाव अभियान के दौरान घायल हुए सैनिक भी घायलों की इस सूची में शामिल हैं या नहीं।

अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है। युद्ध के दौरान घायल हुए अमेरिकी सैनिकों में सेना के 247 जवान, नौ सेना के 63 जवान, वायु सेना के 36 जवान और 19 मरीन सैनिक शामिल हैं।

# मोबाइल अलर्ट को हल्के में लिया तो अंधेरा तय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं के लिए नया सिस्टम पूरी तरह लागू हो गया है। अब मोबाइल पर आने वाले अलर्ट को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। बैलेंस खत्म होने के बाद अगर समय पर रिचार्ज नहीं कराया तो बिना किसी अतिरिक्त सूचना के बिजली काट दी जाएगी।

बरेली में अब तक करीब डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। विभाग का लक्ष्य है कि एक साल के भीतर शहर के बाकी करीब सात लाख कनेक्शन भी स्मार्ट मीटर में बदल दिए जाएं। नए कनेक्शन पर सीधे प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बैलेंस से जुड़ी जानकारी पांच बार मैसेज के जरिए दी जाती है। 30 फीसदी और 10 फीसदी बैलेंस बचने पर चेतावनी मिलती है। बैलेंस खत्म या निगेटिव होने पर अंतिम अलर्ट भेजा जाता है। इसके बाद तीन दिन की मोहलत मिलती है, लेकिन इस दौरान भी रिचार्ज नहीं कराया तो बिजली सप्लाई बंद कर दी जाएगी।

प्रीपेड सिस्टम में राहत भी है। जैसे ही उपभोक्ता रिचार्ज करेगा, अधिकतम आधे घंटे में बिजली फिर चालू हो जाएगी। साथ ही कनेक्शन जोड़ने का अलग से कोई शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। जिन उपभोक्ताओं को मैसेज नहीं मिल रहे, उन्हें अपना नंबर अपडेट कराना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में पूरा शहर प्रीपेड सिस्टम पर होगा, इसलिए अलर्ट को गंभीरता से लेना जरूरी है।

# 49 करोड़ से बरेली के रामगंगा नगर में बनेगी नक्षत्रशाला

## अब बरेली में खुलेंगे ब्रह्मांड के रहस्यः साइंस पार्क में तारामंडल और स्पेस म्यूजियम को हरी झंडी

- 5.33 एकड़ में बनेगा साइंस पार्क, एक साल में पूरा करने का लक्ष्य



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विज्ञान और अंतरिक्ष की दुनिया अब बरेली के बेहद करीब आने जा रही है। शहर के रामगंगा नगर में बनने वाली हाईटेक नक्षत्रशाला (प्लानेटेरियम) को योगी सरकार ने मंजूरी दे दी है। करीब 49 करोड़ रुपये की इस मेगा परियोजना के जरिए बरेली को शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान मिलने वाली है। रामगंगा नगर के साइंस पार्क में बनने वाली यह नक्षत्रशाला पूरी तरह डिजिटल और अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी।

विशाल गुंबद के भीतर चलने वाले डोम शो में तारे, ग्रह, नक्षत्र और आकाशगंगाएं जीवंत रूप में दिखेंगी। यानी अब छात्रों को किताबों से नहीं, बल्कि रियल एक्सपीरियंस से विज्ञान समझने का मौका मिलेगा। इस परियोजना का सबसे बड़ा आकर्षण होगा स्पेस म्यूजियम, जहां चंद्रयान और गगनयान मिशन की झलक दिखेगी। अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी रोचक जानकारी बरेली के युवाओं को दुनिया की उपलब्धियों से सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा।

यह नक्षत्रशाला सिर्फ देखने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि यहां वर्चुअल रियलिटी (VR) इंटरैक्टिव डिजिटल जोन के जरिए ब्रह्मांड के रहस्यों को महसूस कराया जाएगा। यानी विज्ञान अब 'पढ़ाई' नहीं, बल्कि रोमांचक अनुभव बनेगा।

### 5.33 एकड़ में साइंस पार्क, एक साल में पूरा करने का लक्ष्य

रामगंगा नगर योजना के सेक्टर-8 में 5.33 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे साइंस पार्क में करीब 3000 वर्गमीटर क्षेत्र में नक्षत्रशाला का निर्माण किया जाएगा। परियोजना को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. ने बताया कि यह परियोजना छात्रों को खगोलीय घटनाओं और विज्ञान के रहस्यों से जोड़ने की बड़ी पहल है। व्यय वित्त समिति की बैठक में मुख्य अभियंता एपीएन सिंह की मौजूदगी में प्रस्ताव को मंजूरी मिली और अब जल्द काम शुरू कराने का दावा किया जा रहा है।

# बरेली पुलिस में बड़ा फेरबदल कई थानेदारों की कुर्सी बदली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले की कानून-व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई थाना प्रभारियों के तबादले कर दिए हैं। इस बदलाव में जहां कुछ इंस्पेक्टरों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वहीं कुछ को उनके पद से हटाकर नई जगह भेजा गया है।

सबसे अहम बदलाव शहर के प्रमुख थानों में देखने को मिला है। बारादरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय को अब कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, कोतवाल रहे सुरेश चंद्र गौतम को इज्जतनगर थाने की कमान सौंपी गई है। इज्जतनगर के प्रभारी रहे विजेंद्र सिंह को बारादरी थाना प्रभारी बनाकर नई जिम्मेदारी दी गई है।

### क्राइम ब्रांच और कैंट में नई तैनाती

क्राइम ब्रांच से संजय कुमार धीर को कैंट थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, कैंट के प्रभारी रहे राजेश कुमार को क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शीशगढ़ थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह को साइबर सेल में भेजा गया है, जिससे साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने की तैयारी दिख रही है।

### सुभाषनगर-शीशगढ़ में भी बदलाव

सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को शीशगढ़ का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सुभाषनगर थाने में इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर तैनात सतीश कुमार को उसी थाने का इंस्पेक्टर बनाकर जिम्मेदारी दी गई है।

### दो थानेदार हटे, नए चेहरों की एंट्री

किला थाना प्रभारी सुभाष कुमार और भमोरा थाना प्रभारी सनी चौधरी को कार्यकाल पूरा होने और दूसरे जिले में स्थानांतरण के चलते हटा दिया गया है। उनकी जगह नए अधिकारियों को तैनात किया गया है।

### आंवला-बिथरी में भी अदला-बदली

पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर बीनू चौधरी को आंवला थाना प्रभारी बनाया गया है। आंवला के प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह को साइबर थाना भेजा गया है। राजेश बाबू मिश्रा को विशारतगंज से बिथरी चैनपुर और चंद्रप्रकाश शुक्ला को बिथरी से विशारतगंज थाना प्रभारी बनाया गया है।

### कानून व्यवस्था मजबूत करने की कवायद

एसएसपी अनुराग आर्य का यह बड़ा फेरबदल जिले की कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नए तैनात अधिकारियों से बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

### बहेड़ी, किला, भमोरा में नई कमान

एएचटीयू प्रभारी संतोष कुमार सिंह को किला थाना प्रभारी बनाया गया है। बहेड़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार को भमोरा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, साइबर थाने के प्रभारी दिनेश शर्मा को बहेड़ी थाने की कमान सौंपी गई है। एएचटीयू में दरोगा मनोज कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी बनाया गया है।

# पोल से टकराई तेज रफ्तार बाइक दो दोस्तों की मौके पर ही मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई, जिससे बाइक सवार दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, बिशारतगंज निवासी 20 वर्षीय अमित अपने दोस्त बदायूं के बिनावर निवासी 25 वर्षीय रोहित शर्मा के साथ शुक्रवार को बरेली आया था। रात करीब 10 बजे दोनों बाइक से वापस बिशारतगंज लौट रहे थे। जैसे ही वे रम्पुरा गांव के पास रेलवे अंडरपास से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पोल से जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। अंडरपास के पास सड़क भी टूटी हुई बताई जा रही है, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भमोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। यह खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव में शोक का माहौल है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे। अगर उन्होंने हेलमेट लगाया होता तो शायद जान बच सकती थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती तौर पर तेज रफ्तार और खराब सड़क को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापा, बिना कागजों के चल रहा सेंटर सील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर स्वास्थ्य डीएम अविनाश सिंह और सीएमओ विश्राम सिंह के निर्देश पर पहुंची टीम ने शहर और देहात के कई अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की। इस कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मच गया।

डिप्टी सीएमओ डॉ लईक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बहेड़ी क्षेत्र में स्थित हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बड़ी लापरवाही सामने आई। सेंटर संचालक टीम को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र तक नहीं दिखा सके। इस गंभीर अनियमितता पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सेंटर को मौके पर ही सील कर दिया। संचालक को तीन दिन के भीतर सभी जरूरी दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुंडरा कोठी स्थित मन्नत अल्ट्रासाउंड, जीवन ज्योति अल्ट्रासाउंड और रिछा क्षेत्र के हर्ष कला अल्ट्रासाउंड सेंटर का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा बहेड़ी क्षेत्र में ग्लोबल, यूनिक, अरोरा, नियाजी और विद्या अल्ट्रासाउंड सेंटर की भी जांच की गई। जांच के दौरान मैक्स अल्ट्रासाउंड और लाइफ लाइन अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद मिले, जिस पर टीम ने नाराजगी जताई।

अधिकारियों ने सभी सेंटर संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों को शासन के नियमों के तहत ही संचालित करना होगा। जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में नोडल अधिकारी डॉ. लईक अहमद अंसारी के साथ राहुल शर्मा, राजेश कुमार और विपिन कुमार शामिल रहे।

# सड़क से कब्जा हटा, सामान जब्त, 70 हजार जुर्माना




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा जमाकर बैठे अतिक्रमणकारियों पर शनिवार को नगर निगम ने बड़ा प्रहार किया। नगर आयुक्त के निर्देश पर चली इस कार्रवाई में मिनी बाइपास और किला क्षेत्र में बुलडोजर गरजा, अवैध कब्जे हटाए गए और मौके पर ही 70 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।

नगर निगम की टीम ने सबसे पहले मिनी बाइपास रोड पर कार्रवाई की, जहां सड़क किनारे अवैध रूप से रखी गई पांच ट्रॉली रेता और बजरी को जब्त कर लिया गया। इसके बाद टीम किला क्षेत्र पहुंची, जहां फुटपाथ पर दुकानें सजाकर बैठे लोगों का सामान कब्जे से हटाया गया।

### कार्रवाई से मचा हड़कंप, हुई नोकझोंक

औचक कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया। कई जगहों पर कब्जाधारियों ने टीम का विरोध करते हुए कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की, लेकिन प्रवर्तन दल ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें मौके से खदेड़ दिया और अभियान जारी रखा। नगर निगम ने कार्रवाई के दौरान मौके पर ही अतिक्रमण करने वालों से कुल 70,000 रुपये का जुर्माना वसूला। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जाम से राहत के लिए सख्ती

दरअसल, शहर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही थी। आम लोगों को रोजाना जाम से जूझना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने साफ कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नगर निगम ने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़कों और फुटपाथों पर सामान न रखें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रवेश उत्सव में बच्चों को बांटी किताबें–मेडल

जागरण मोर्चा कार्यालय






**बरेली।** प्रदेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान की गूंज अब जनपद बरेली में भी जोरदार तरीके से सुनाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से अभियान के शुभारंभ के बाद बरेली के अर्बन हाट ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में शिक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी से दिए गए संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और छात्रों ने इसे ध्यानपूर्वक सुना और शिक्षा के महत्व को समझने का संदेश लिया। अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना और शिक्षा को जनांदोलन बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को शिक्षामय और सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। स्कूली छात्राओं की प्रस्तुति ने अतिथियों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। साथ ही प्रांतीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। हरूगला विद्यालय के छात्र हर्षित को उनके अभिनव साइंस प्रोजेक्ट के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली। स्कूल चलो अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एलईडी वैन और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पढ़ेंगे-पढ़ाएंगे, उन्नत देश बनाएंगे के संदेश के साथ यह रैली शहर में लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेगी।

कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ. उमेश गौतम और विधायक एम.पी. आर्य सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, एडीएम सौरभ दुबे, अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, डीआईओएस अजीत सिंह और बीएसए डॉ. विनीता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूल चलो अभियान के माध्यम से न सिर्फ नामांकन बढ़ाने, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और समाज में जागरूकता लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# गन्ना भुगतान का मुद्दा गरमाया, समाधान दिवस में किसानों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली/बहेड़ी।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में इस बार गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने केसर चीनी मिल पर बकाया 146 करोड़ रुपये के भुगतान की मांग उठाई। साथ ही चालू पेराई सत्र का करीब 35 करोड़ रुपये अतिरिक्त बकाया होने का भी आरोप लगाया।

एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए गन्ना विभाग के अधिकारियों को तलब किया, लेकिन मौके पर केवल बाबू के पहुंचने पर नाराजगी जताई। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी से फोन पर वार्ता कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर एडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्यशैली सुधारने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें पूर्ति विभाग से जुड़ी रहीं। इस पर एडीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर शांतनु को फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार के आदेश दिए।

वहीं नगर के प्रबुद्ध लोगों ने तालाबों पर हो रहे कब्जों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि कई तालाबों पर अवैध निर्माण हो चुका है और नगर पालिका की ओर से प्रभावी पैरवी नहीं की जा रही। एडीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए कि नगरपालिका भूमि पर हुए कब्जों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## जिले में आज

- आंबेडकर पार्क में भाकियू की पंचायत सुबह 10 बजे ।
- बिलासपुर में तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में भगवान निषाद राज की जयंती 12 बजे।

## एक नजर

### ट्रेनिंग कैंप आज

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में आज दिन रविवार की सुबह 9 बजे से हज पर जाने वाले हाजियों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सभी हज पर जाने वाले हाजियों से अपील है कि वह कैंप में पहुंचकर हज के अरकान के बारे में जानकारी हासिल करें। इससे पहले एक कैंप 29 मार्च को लग चुका है।

# बिजली निगम के अधिकारी द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने से लोगों को आ रही परेशानियां

## शहरवासियों का आरोप जबरन लगाए जा रहे हैं मीटर, जनपद में चार लाख 5 हजार उपभोक्ता है



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने लोकसभा में साफ कर दिया है कि बिना उपभोक्ताओं की बिना सहमति लिए स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इस बयान के बाद राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सरकार और विद्युत नियामक आयोग से नियम का पालन कराए जाने को भी कहा गया है।

जनपद में चार लाख 5 हजार उपभोक्ता है। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार लगभग 3 लाख 75 हजार 871 उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगने हैं। लोकसभा में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के आए बयान के बाद जहां उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे हैं। ऐसे में शहरवासियों का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारी जबरन तरीके से स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। शहर में अभी तक जितने भी स्मार्ट मीटर लग चुके है। या तो उनको बिजली निगम तुरंत हटाए। या फिर पुरानी बिलिंग व्यवस्था में लागू करें। ऐसे में 8000 से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली का बिल जमा नहीं होने की वजह से घरों में अंधेरा छाया हुआ है। नवाबगेट, शाहबाद गेट, पहाड़ीगेट, किला, डूंगरपुर, थाना गंज की काउंटर खिड़की पर उपभोक्ताओं की घंटो-घंटों लाइनें लग रही है। स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को लेकर व्यापारियों को आ रही दिक्कतों को देखते हुए आगे आना चाहिए।

### बोले उपभोक्ता



केंद्रीय मंत्री के बयान की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। केंद्रीय मंत्री के बयान के बाद बिजली निगम के अधिकारियों द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को तुरंत ही रोका जाना चाहिए।**–नुसरत उर रहमान उर्फ बालम खां पूर्व सभासद।**



स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं की घरों की बिजली गायब हो रही है। बिल के लिए काउंटरों पर लंबी लंबी लाइनें लग रही है। ऐसे में वैकल्पिक व्यवस्था या फिर पुरानी व्यवस्था को लागू किया जाए। **– मौलवी मासिर उल्लाह खां वजीही।**



शहर में जो स्मार्ट मीटर लग चुके हैं या तो उनका हटाया जाए। या फिर उनको पुरानी बिलिंग व्यवस्था में शामिल किया जाए। ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।**– नासिर खां।**



स्मार्ट मीटर से रीडिंग तेज आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ रहा है। साथ ही साथ मीटर में लाइट कट होने के बाद भी घरों में अंधेरा छाया हुआ है। जिससे शहरवासी काफी परेशान है।**–सईद खां।**




# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। नाबालिग युवती के पिता ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती 1 अप्रैल की सुबह 11 बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। उस समय वह खेत पर गए हुआ था।इसी दौरान संभल जिले के चंदौसी थाना क्षेत्र के ज़राई निवासी टिंकू पुत्र राजराम उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता के अनुसार,




उनकी नाबालिग बेटी घर से 15,000 रुपये नकद और एक सोने की चेन भी साथ ले गई है।पिता ने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

# दुखद: सड़क हादसे में एक भाई की मौत, एक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** शाहबाद- बिलारी मार्ग पर ट्रक ने दो सगे भाइयों की बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा में एक घायल हो गया है जबकि दूसरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस और घायल को सीएचसी केंद्र भेज दिया।

शनिवार को थाना क्षेत्र के मधुपुरी में डेरा निवासी गुरदीप उर्फ पिंकू( 55 ) और गुरविंदर सिंह ( 50 ) खेती किसानी और पशुओं पालन काम करते हैं। परिजनों ने बताया कि गुरदीप उर्फ पिंकू सुबह घर से दूध देने के लिए निकले थे। रास्ते में ही छोटा भाई गुरविंदर सिंह मिल गया। दोनों बाइक पर सवार होकर कुछ काम से खरसौल की ओर जा रहे थे।



हादसे के बाद घर पर बैठे परिजन व इनसेट में गुरविंदर सिंह का फाइल फोटो।

जैसे ही दोनों खरसोल बस स्टैंड के पास पहुंचे, साइड से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

किसी कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और दोनों भाई ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में पीछे बैठे गुरविंदर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया दिया। वहीं पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारु कराया। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

### हादसे वाले ट्रक पर अलग-अलग नंबर की प्लेट

हादसे वाले ट्रक दो नंबर प्लेट लगी होने पर लोगों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जहां मौजूद लोगों ने नंबर प्लेट पर नजर गई तो ट्रक पर ऊपर हरियाणा और नीचे यूपी की दो राज्यों की अलग-अलग नंबर की प्लेट लगी थी।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# छात्रों को पीटने का वीडियो वायरल, मची खलबली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** फीस न देने पर छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें प्रधानाचार्य खुद छात्रों को डंडे से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने पर कॉलेज प्रबंधन में खलबली मच गई है।

जनपद बरेली थाना इज्जतनगर निवासी अनूप रायजादा ने मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री को लिखित रूप में शिकायत की है कि थाना हजियानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोसी मंदिर में तैनात प्रधानाचार्य विनोद यादव कॉलेज में छात्रों को किसी कारण वश फीस जमा करने में विलंब होने पर प्रधानाचार्य बारी-बारी से डंडों से पिटाई कर रहे हैं। प्रधानाचार्य के साथ-साथ अधीनस्थ अध्यापकों की फौज बारी-बारी से छात्रों को डंडे से पीट रहे हैं। प्रधानाचार्य, अध्यापकों द्वारा पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में जिला विद्या निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि छात्रों की पिटाई की वीडियो वायरल प्रकरण में जांच कमेटी गठित कर दी है साथ ही प्रबंधक, प्रधानाचार्य को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### छात्रों से हस्ताक्षर कराकर दी सफाई

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण में हमारे पास शिकायती पत्र आया है। इस मामले में कॉलेज के अध्यापकों ने छात्रों से हस्ताक्षर कराकर सफाई भी दी है कि कालेज में ऐसा कोई मामला नहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जब उन्होंने खुद छात्रों को पिटाई का वीडियो देखा। सारे मामले की असलियत सामने आई। उन्होंने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# रूस यूक्रेन युद्ध में जान गंवाने वाले युवक के जनाजे में उमड़ी भीड़



मृतक के घर गमगीन महिलाओं की भीड़ और बिलखती घर की महिलाएं।

- गमगीन माहौल के बीच किया सुपुर्द-ए खाक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गोली लगने से जान गंवाने वाले मसवासी क्षेत्र के युवक का शव शनिवार दोपहर जैसे ही उसके घर पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। गांव समेत आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और हर आंख नम हो गई।

मसवासी क्षेत्र के गांव सीतारामपुर के मजरा फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का 22 वर्षीय पुत्र शावेद करीब दस माह पहले पर्यटक वीजा पर रूस गया था, जहां उसे एक होटल में वेटर की नौकरी करनी थी। इसी दौरान वह सेना में भर्ती हो गया और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते उसे मोर्चे पर तैनात कर दिया गया। बताया 12 सितंबर 2025 को यूक्रेन के एक लड़ाकू विमान के मिशन के दौरान उसे गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना परिजनों को गुरुवार देर शाम मिली। शनिवार तड़के उसका शव दिल्ली एयरपोर्ट लाया गया, जहां से परिजन उसे लेकर गांव पहुंचे।

शव को देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।शनिवार दोपहर जैसे ही शव गांव पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया। दूर-दराज के गांवों से भी लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। नम आंखों के बीच युवक का अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में किया गया। इसके अलावा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि यह केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है, बल्कि एक गरीब परिवार के सपनों की हत्या है। हम इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े है .यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

**शिलान्यास** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्राम रायपुर का मझरा की पुलिया व सड़क का किया शिलान्यास

# 45 लाख की लागत से बनकर तैयार होगी पुलिया एवं सड़क, आवागमन होगा सुगम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्राम रायपुर का मझरा में बरसाती नदी पर पुलिया एवं सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इससे जहां क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों का आवागमन सुगम हो जाएगा, वहीं किसानों को भी अपने खेतों पर आने जाने की सहूलियत मिल जाएगी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि विकास की यह रफ्तार आगे भी जारी रहेगी।

नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रायपुर के मझरे एवं पंजाबनगर के मझरे के बीच बरसाती नदी है। इस नदी पर दोनों गांवों को आपस में जोड़ने के लिए कोई पुलिया नहीं थी, जिस कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी दिक्कतें होती थीं। करीब आठ किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर ग्रामीणों का आवागमन होता था। स्कूली बच्चों की भी मुश्किलें बढ़ जाती थीं। दोनों गांवों के किसान नदी के आर-पार स्थित अपने खेतों पर नहीं जा पाते थे। ऐसे में काफी समय से क्षेत्र के ग्रामीण सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण की मांग कर रहे थे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिया एवं सड़क निर्माण का प्रस्ताव जिला पंचायत को दिया, जिसके बाद जिला पंचायत ने दोनों प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी। इसके तहत पुलिया निर्माण पर करीब 25 लाख रूपये और सड़क निर्माण पर करीब 20 लाख रूपये खर्च होंगे।



पूजा अर्चना करते विधायक। –जागरण मोर्चा

शनिवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना व जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने सड़क एवं पुलिया का पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर शहर विधायक ने कहा कि यह पुलिया क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। क्योंकि, इससे न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी पुलिया अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ग्रामीण विकास को नई ऊंचाईयां मिल रही हैं। आगे भी विकास का यह क्रम जारी रहेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में भी बेहतर सड़कें हों, इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, मुकेश राजपूत, मक्खन लाल सैनी, सोमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नदी में डूबकर एक बच्चे की हो गई थी मौत

रामपुर। ग्राम रायपुर का मझरा स्थित बरसाती नदी में डूबने से एक बच्चे की भी मौत हो गई थी। वह खेल रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में चला गया। जिसके बाद उसकी डूबने से मौत हो गई थी। यह घटना पिछले साल हुई थी, जिस पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुलिया एवं सड़क बनवाने के लिए कहा था।

# पूर्व की सरकारों में प्रदेश में बेसिक शिक्षा के उन्नयन की तरफ ध्यान नहीं दिया: हरीश

## भाजपा की सरकार में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव हुए , सीएम ने बनारस से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में बच्चों, शिक्षकों और अफसरों ने बनारस में हुए मुख्यमंत्री के हुए स्कूल चलो अभियान समारोह का सीधा प्रसारण देखा। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनारस से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इसके मद्देनजर विकास भवन सभागार में समारोह का आयोजन किया।

जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, सीडीओ गुलाब चन्द, डीआईओएस अंजलि अग्रवाल और बीएसए कल्पना देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया।



विकास भवन के सभागार में संबोधन सुनते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बनारस से स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया। लाइव प्रसारण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की सरकारों में प्रदेश में बेसिक शिक्षा के उन्नयन की तरफ़ कोई ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2017 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बनी भाजपा की सरकार में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं।

सरकारी स्कूल महंगे निजी स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। बेसिक स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा गुणवत्ता में निजी स्कूलों को मात दे रही है। शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा ग्रहण करा रहे हैं। स्कूलों का वातावरण भी बेहतर है। जिससे बच्चों के नामांकन और ठहराव में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इसके लिए जिले के शिक्षक,अफसर और अभिभावक बधाई के पात्र हैं।बीएसए कल्पना देवी ने कहा कि आज प्रदेश के साथ जिले में भी स्कूल चलो अभियान का नया चरण शुरू किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य 6-14 वर्ष के ड्राप आउट बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत घर-घर सर्वे कर बच्चों को मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म, और डीबीटी के माध्यम से बारह सौ रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

अब आधार या जन्म प्रमाण पत्र के बिना बच्चों नामांकन किया जा सकेगा। यह अभियान विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने और विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित रामपुर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए चलाया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए शिक्षक टीम बनाकर मोहल्लों और गांवों में सर्वे करें।इस सर्वे के दौरान 3 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी या बाल वाटिका में एडमिशन दिलाएं। खास तौर पर 7 से 14 साल के उन बच्चों पर ध्यान देना होगा, जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है। उन्हें दोबारा पढ़ाई से जोड़ा जा सके। बीएसए ने कहा कि डॉक्यूमेंट्स की अनुपलब्धता के आधार पर किसी भी बच्चे को एडमिशन से वंचित नहीं किया जाएगा। नोडल बीईओ बबीता सिंह ने शिक्षकों की तरफ़ से अतिथियों और अफसरों को जिले में शत प्रतिशत बच्चों के नामांकन का विश्वास दिलाया। समारोह में डीसी राहुल सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, सतेंद्र शर्मा, जानिसार अख्तर समेत जिलेभर से आये एआरपी शिक्षक और कई स्कूलों से आए बच्चे मौजूद रहे।

# बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



बच्चों को पुरस्कार देती शिक्षिका एवं मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय मुंडिया मनकरा बिलासपुर में वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। साथ ही कक्षा 5 के बच्चों को सम्मान पूर्वक विदाई दी।विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापकि द्वारा बच्चों को आगे के लिए बधाई दी। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उत्साह के साथ वार्षिकोत्सव को मनाया। ग्राम प्रधान इदरीश प्रधान जी ने बच्चों को रिजल्ट वितरित करते हुए उपहार भेंट किया।एमडीएम में विशेष भोजन का की व्यवस्था की ।नए बच्चों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया तथा साथ ही स्टेशनरी की वस्तुएं भेंट की गई जिससे बच्चों को विद्यालय आने में रुचि हो और बच्चे जिज्ञासा पूर्वक विद्यालय में आए।।अभिभावकों ने विद्यालय की पहल को सराहा और ज्यादा से ज्यादा नामांकन का विश्वास दिलाया जिससे सरकार और विभाग की मंशा पूरी हो और बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाए। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संपूर्ण स्टाफ का सहयोग रहा जिसमें इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कुशल राणा सहित सहायक अध्यापिका राधा वर्मा, अनीता अग्निहोत्री राफिया खानम और पृथ्वीराज एवं अभिभावक भी मौजूद रहे।।

# 'राहुल सैनी ने सफलता हासिल कर ग्रामीण क्षेत्र का नाम किया रोशन'

- गांव में खुशी का माहौल, जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यूपीपीएससी की पीसीएस-2024 की परीक्षा में जिले के सैदनगर क्षेत्र के गांव दलेलनगर निवासी राहुल सैनी के सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार बनने पर रामपुर जिला योजना समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल सैनी रामपुर जिले के छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

उन्होंने अपने परिवार के साथ साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यूपीपीएससी की पीसीएस-2024 की परीक्षा पास करने के बाद राहुल सैनी गांव दलेलनगर पहुंचे, तो गांव के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने राहुल सैनी को फूलों का गुलदस्ता और माला पहना कर स्वागत किया और उनके पिता चंद्रसेन सैनी, भाई विनोद सैनी बंटी, विवेक सैनी मास्टर से भी मुलाकात कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर उरमान अली, रफी सलमानी, इस्तेकार पाशा, रियासत अली, आलम पाशा, अवतार सिंह सागर, मेंहदी हसन, इशाक अहमद आदि मौजूद रहे।



राहुल सैनी को फूलमाला पहना कर स्वागत करते हुए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन व अन्य।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी बंद करे प्रशासन

**रामपुर।** शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में किसान यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा। आम आदमी अपना तन पेट काटकर अपने बच्चों को पढ़ रहा है लेकिन प्राइवेट स्कूल संचालक अपनी मनमानी से उनका शोषण कर रहे हैं जनपद के सभी प्राइवेट स्कूल एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के स्थान पर अपने द्वारा तय किए गए प्रकाशक की किताबें लेने के लिए अभिभावकों को विवश कर रहे हैं। इतना ही नहीं यह लोग प्रतिवर्ष री एडमिशन फीस के नाम पर भी अभिभावकों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

# जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक : संदीप

- किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कॉलोनी कार्यालय पर एक प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में चर्चा की। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जनपद में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है। क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के पश्चात बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं। क्योंकि जनपद के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है।



बैठक को संबोधित करते संदीप सोनी। –जागरण मोर्चा

उन्होंने अपनी मेडिकल कॉलेज की बात कही।अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 481, 482 ,483 व 122 जो की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित है। इस जमीन को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया।जमीन उधान विभाग की है। इस पर 7 दिसंबर 2021 को सारी रिपोर्ट तैयार कर ली।पश्चात सारी रिपोर्ट तैयार के बाद 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया।उसके पश्चात 14 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट सौंप दी।

22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है।राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी रामपुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा,यासीन प्रचार मंत्री, मिलन सक्सेना जिला सचिव, शाहिद मामू संरक्षक, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# मंडल जोन प्रभारी ने किया बूथ संख्या का गठन



स्वार विधानसभा के गांव खेड़ा गजरौला में खड़े जोन प्रभारी, जिलाध्यक्ष।

**रामपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशानुसार बहुजन समाज पार्टी बूथ चलो अभियान के अंतर्गत 34 स्वार विधानसभा के सेक्टर भाऊपुरा के बूथ संख्या 206, 207 और खेड़ा गजरौला 254, 255 व मिलक सिकमपुर में बूथ संख्या 346 व 347 का गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंडल जोन प्रभारी मंडल मुरादाबाद शांति प्रसाद सागर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश गौतम एडवोकेट ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान ने किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अजब सिंह सागर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश कुमार जाटव, सुकराम, हर स्वरूप सिंह, मदन लाल, रामौतार, हरपाल, सोमपाल सिंह, रज्जन सिंह, गजराज सिंह, चंद्रपाल सिंह, आशीष कुमार, मो. वाहिद, शौकीन, राजेश कुमार, रमेश सागर, शिवरतन आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली के लिए बसों से रवाना हुए शिक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित राष्ट्रीय महा-रैली में जनपद के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।देशभर के शिक्षक संगठनों द्वारा गठित संयुक्त मोर्चा टीएफआई के बैनर तले यह विशाल आंदोलन आयोजित किया गया।

जनपद रामपुर से पांच बसों में शिक्षक दिल्ली के लिए रवाना हुए। प्रस्थान से पूर्व शिक्षकों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए शिक्षक सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की।रामपुर से रवाना हुई चमरौआ ब्लॉक की एक बस में प्रमुख रूप से शामिल रहे। जिसमें उप्रजूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ. अंजुम सक्सेना,उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी,शिव कुमार सिंह,नीतू आनंद,कृष्णा राजपूत,खुशनुमा जमील,वीरबाला आज़ाद, स्नेह लता, राजेश्वरी, शिखा सक्सेना, अशोक सक्सेना,अस्मत खान,शकुंतला आर्य,संदीप कुमार भाटिया, प्रसन्न प्रकाश, वेद प्रकाश,अफरोज मियां,अशोक रावत, मुन्ना जहांगीर, सुशील कुमार, धर्मेंद सिंह,रामोतार, विजय कुमार,नरेश कुमार,सुरेंद्र सिंह, सौरभ शर्मा, विपिन कुमार,बृजेश कुमार,ज्ञान सिंह,मेजर सिंह, विनोद कुमार, अनुसेन्द्र चौहान, पुष्पेंद्र शर्मा, राम किशोर, बाबू राम, दिनेश कुमार ,जितेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, मोहम्मद अकरम, महेंद्र पाल सिंह आदि बस द्वारा दिल्ली राम लीला मैदान के लिए रवाना हो गए। रैली में शिक्षकों ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का निर्णय शिक्षकों के हितों के विपरीत है तथा सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। रैली में शिक्षकों ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रखने का संकल्प लिया। रैली में भारतीय जनता पार्टी के डुमरिया गंज से सांसद जगदबिका पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने टेट अनिवार्यता के विषय पर असहमति व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार का यह बात पहुंचाने का आश्वासन दिया।



बसों से दल्ली के लिए रवाना होते शिक्षक। –जागरण मोर्चा

## चौपाल में शिक्षा पर दिया गया जोर

**सैफनी।** क्षेत्र के खरसौल गांव के कंपोजिट विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव व 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन धूमधाम से किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अशोक कुमार एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आशीष गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आशीष गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। 'शिक्षा चौपाल' के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों के सुनहरे भविष्य और पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया। बीईओ अशोक कुमार ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। दिलशाद वारसी के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदीप भटनागर, आलोक मिश्रा, शोएब अंसारी, खालिद खान, नज़ाहत हुसैन सहित भारी संख्या में शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।



# फैमिली आईडी के नाम पर दिव्यांगों को किया जा रहा परेशान: सिफात

- आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने एसडीएम सदर से की शिकायत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने एसडीएम से मिलकर फैमिली आईडी के नाम पर दिव्यांगों को परेशान करने की शिकायत की हैं। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफत अली खान ने कहा कि तहसील प्रशासन द्वारा फैमिली आईडी बनाने का काम किया जा रहा हैं लेकिन विभाग द्वारा फैमिली आईडी के नाम पर दिव्यांगों को परेशान किया जा रहा हैं।

जिससे दिव्यांगों के फैमिली आईडी कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांग के परिवार में पत्नी व संतान नहीं हैं। कुछ ऐसे वृद्ध व्यक्ति हैं कि वह बच्चों से अलग एकल रहते हैं। पुत्र के राशन कार्ड में पिता का नाम नहीं हैं अथवा वृद्ध व्यक्ति के नाम का यूनिट संतान के राशन कार्ड से निकाल दिये जाने के कारण उसका एकल परिवार आईडी बनना जरूरी हैं। वह एकल व्यक्ति जब जनसेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन करता हैं तो तहसील के पटवारी उसे निरस्त कर रहे हैं। जिस कारण दिव्यांगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ऐसे में दिव्यांग को न तो राशन मिल पा रहा हैं और उनकी पेंशन भी खतरे पड़ रहीं हैं। एसडीएम से एकल परिवार आईडी के लिए दिव्यांगों के आवेदनों को स्वीकृत करने की मांग की हैं।

ज्ञापन | अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चिन्हित भूमि के अलावा अन्य से रोक हटाने की मांग की

# तहसील में प्रस्तावित बाईपास और हाइवे निर्माण के मद्देनजर दो दर्जन ग्रामों की रजिस्ट्री पर लगी रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** तहसील टांडा तहत बाईपास एवं गोरखपुर हाईवे निर्माण के मद्देनजर लगभग दो दर्जन राजस्व ग्रामों की खरीद ओ फरोख्त बंद कर बैनामा पंजीकरण पर रोक लगा रखी है। जिससे क्षेत्र के कृषकों को अत्याधिक परेशानी है और राजस्व की भी हानि हो रही है साथ ही भूमियों के विक्रय सौदों में बेईमानी होने की प्रबल संभावना बन रही है। तहसील के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बाईपास व हाईवे हेतु लिये जाने वाले गाटों को चिन्हित कर शेष के पंजीकरण शीघ्र आरंभ कराये जाने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील टाण्डा में हाईवे एवं बाईपास निर्माण हेतु लिये जाने वाले गाटा नम्बर को चिन्हित किया जाये एवं अन्य शेष भूमियों के पंजीकरण से शीघ्र अति शीघ्र रोक हटायी जाए। गौरतलब कि पिछले वित्तीय वर्ष में टाण्डा और स्वार में बाईपास निर्माण की स्वीकृति शासन से मिली थी।स्वार के लिए शासन से आंशिक धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष जारी हो गयी है, लेकिन टांडा बाईपास के लिए कोई धनराशि जारी नहीं।अब जारी वित्तीय वर्ष में शासन से टाण्डा बाईपास निर्माण के लिए स्वीकृति की उम्मीद है।इसके लिए बादली,सैढ़ू का मंझरा, टाण्डा, सैंटाखेड़ा, मिलक भवानीपुर, रतुआनगला और रफतपुर आदि गांवों की भूमि के क्रय-विक्रय और सर्किल रेट पर प्रशासन द्वारा रोक लगा रखी है।



उपजिलाधिकारी राजकुमार को ज्ञापन देते अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

इसके अलावा प्रस्तावित गोरखपुर नेशन हाइवे के निर्माण के मद्देनजर तहसील क्षेत्र के 16 गांवों की भी खरीद फरोख्त और सर्किल रेट पर रोक लगादी गयी है।शनिवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की है कि बाईपास और नेशनल हाईवे की जद में आने वाले गाटा नम्बरों को चिन्हित कर केवल उसी भूमि पर रोक लगाई जाए,अन्य नम्बरों पर लगी रोक हटाई जाए।

इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह एडवोकेट , तारिक हुसैन एडवोकेट , खुर्शीद अहमद एडवोकेट, नसीम परवेज एडवोकेट, जय प्रकाश सैनी एडवोकेट, अनूप सिंह, एडवोकेट,भोला सिंह एडवोकेट,मुबाशिर अली एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवसः 53 में से 13 शिकायतों का कराया निस्तारण

## शिकायतों का त्वरित निस्तारण, अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

जागरण मोर्चा, कार्यालय



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम, एसपी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की मौजूदगी में तहसील सदर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिसमें पूर्ति, विद्युत, खण्ड विकास, लोक निर्माण, मत्स्य, राजस्व, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की प्रगति एवं परिणाम से अवगत कराया जाए। ग्राम पंचायत करीमपुर शर्की एवं पसियापुरा में सड़क पर अवैध निर्माण एवं सरकारी मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर निरीक्षण कराने तथा अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। भगवती, प्रीति द्वारा राशन कार्ड बनाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्ति विभाग द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाकर लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने भी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। इसी प्रकार तहसील शाहबाद में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें प्राप्त हुई और 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी ने कुल 11 शिकायतें सुनी, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुई। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## धूमधाम से मनाई जाएगी जयंती

**रामपुर।** वाल्मरीकि शक्ति दल एवं डॉ.अम्बेडर उत्थान सेवा समिति की बैठक मोहल्ला चादरवाला बाग कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें दल, समिति के प्रमुख प्रेमप्रकाश ने कहा कि संविधान के निर्माता, दलितों और पिछड़े, गरीबों बेसहारा महिलाओं को आगे बढ़ाने वाले, भारत को प्यारा संविधान देने वाले मसीहा डॉ.अम्बेडकर भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल को धूमधाम से भव्य रूप से मनाई जाएगी। जैसे दीपावली का त्योहार रोशनी पटाखों के साथ मनाया जाता है ठीक उसी तरह गरीबों, पिछड़े सभी धर्मों की आवाज उठाने वाले मसीहा का जन्मदिन हम सब मिलकर मनाएंगे। 14 अप्रैल को शोभायात्रा समिति द्वारा स्टेट बैंक के मुख्य शाखा पर शाम चार बजे भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संजू प्रकाश, धर्म कुमार वाल्मीकि, शाकिर पहलवान, जमीर अंसारी, आशु, अभिषेक सनी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



वरिष्ठ पत्रकार सखावत अली का फूल मालाओं से स्वागत करते पदाधिकारी।

### दो नए सदस्य ओर जुड़े

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संगठन के नए कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में दो नए सदस्यों शावेज खां और तालिब खां ने संगठन की सदस्यता ली।साथ ही साथ वरिष्ठ पत्रकार सखावत अली ने संगठन में घर वापसी करते हुए दोबारा से शामिल हुए। इस मौके पर संरक्षक वीपी विद्यार्थी, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संस्थापक एहसान खां, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, महिला विंग अध्यक्ष नेहा गुप्ता,विधिक सलाहकार सुहैल खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, उपाध्यक्ष जहीर खां, संयुक्त सचिव फैजी खां, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ छोटे, सचिव तकरीर अहमद, विकास मुल्तानी, राशिद अल्वी, इरफान मलिक, शान मोहम्मद प्रचार मंत्री धर्मेंद्र सागर आदि रहे।



शाहबाद के वार्ड नंबर 16 में टूटी पड़ी पुलिया।

### टूटी पुलिया को ठीक कराने के लिए सभासद ने डीएम से लगाई गुहार

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद के वार्ड नंबर 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने जिलाधिकारी रामपुर से उनके वार्ड में टूटी हुई पुलिया को ठीक कराने की गुहार लगाई है। वार्ड सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने जिलाधिकारी हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत भेजकर बताया है कि उनके वार्ड में कई वर्षों से यह पुलिया टूटी हुई है जबकि यह एक महत्वपूर्ण रास्ते पर बनी हुई है। इस पर से किसानों का ट्रैक्टर ट्राली लेकर गुजरना रहता है, पुलिया टूटी हुई होने से हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। डीएम से गुहार में वार्ड सभासद ने पुलिया को ठीक कराने की मांग की है।

### निदेशक आरसेटी में 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि नैनीताल रोड, पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा–आरसेटी में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं एवं युवतियों के लिए 10 दिवसीय मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण हेतु दिनांक 10 अप्रैल 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें से 25 सीटें ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब युवाओं के लिए आरक्षित हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है, क्योंकि सीटें सीमित हैं। आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड/जॉब कार्ड, 5 पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के साथ संस्थान में प्रात: 9 :30 बजे से सायं 5 :30 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतया नि :शुल्क है, जिसमें प्रतिभागियों को चाय, नाश्ता, भोजन एवं यूनिफॉर्म भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए दक्ष बनाना है, ताकि प्रशिक्षण उपरांत वे स्वयं का मशरूम कल्टीवेशन व्यवसाय प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से वे विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9058382486, 9012183432 एवं 6397879587 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सीएमएस ने दिए वेतन काटने के निर्देश

**रामपुर।** जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ .अनवर सादात ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक डॉ . वकास उन नबी, लैब में तैनात कर्मचारी तौफीक के वेतन काटने के निर्देश दिए है। शनिवार को उन्होंने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। चिकित्सालय में समय से नहीं आने पर अस्पताल प्रशासन ने कार्रवाई की है। इसके अलावा अन्य चिकित्सकों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**स्वार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को स्वार टांडा के विधायक शफीक अहमद अंसारी पुत्र और प्रतिनिधि उमैर अंसारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उमैर अंसारी ने अस्पताल में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति जांची तथा ड्यूटी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अवगत कराएं। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में संचालित मशीनों की स्थिति, दवा भंडार में उपलब्ध दवाइयों तथा लैब में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा न लिखी जाए और न ही जांच के लिए बाहर भेजा जाए। ऐसा पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार चंदेल, बीपीएम अमान खान, मौ. यूसुफ, फईम पहलवान, नब्बू ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे भक्त

**सैफनी।** नगर में आयोजक संजय रस्तोगी की देख रेख में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को तीसरे दिन वृंदावन गोवर्धन से आए पंडित गोविंद आचार्य द्वारा कही भागवत कथा में सृष्टि के आरम्भ की कथा विदुर चरित्र, दक्ष का मानमर्दन एवं श्री शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग का व्याख्यान किया।भारी संख्या में लोग शनिवार को कथा सुनने उमड़ पड़े और भक्ति में लीन हो गए जिसके चलते वातावरण भक्तिमय हो गया।इस दौरान राकेश जोशी, मुकेश गुप्ता, नरेश शर्मा,पंकज शर्मा, शोभित शर्मा, विष्णु गुप्ता, सुशील फौजी, टिंकू जोशी ल,ठाकुर यशपाल, संजय रस्तोगी, जितेंद्र गुप्ता आदि के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 15 शिकायतों में दो का मौके पर समाधान



लोगों की शिकायतें सुनते सीडीओ गुलाब चंद्र। –जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ गुलाब चंद्र ने की।

सीडीओ गुलाब चंद्र ने लोगो की जनसमस्याओं को सुनते हुए उनके तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 शिकायती पत्र आए जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। सीडीओ गुलाब चंद्र ने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लोगों की जनसमस्याएं को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करें। ्रइस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार, बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी, पूर्ति निरीक्षक किशन लाल समेत सभी विभागों से अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# अभियान : आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का किया गया संवेदीकरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



तहसील सदर में आयोजित संवेदीकरण में बोलते जिला मलेरिया अधिकारी व अन्य।

**रामपुर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए तहसील सदर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संवेदीकरण किया गया। जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण रोग नियंत्रण अभियान, 10 से 30 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर वेक्टर जनित रोगों, दिमागी बुखार, जल जनित रोग के बारे में जानकारी देंगी। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि रोगों के बचाव के लिए क्या करना है क्या नहीं करना है। ताकि जनमानस समय रहते हुए उपाय अपनाने के लिए जागरूक बने। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री डॉ.हिना, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय आदि मौजूद रहे।

# कम स्टाम्प प्रकरणों की जांच को लेकर जिलाधिकारी का निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



निरीक्षण करते डीएम। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने न्यायालय में योजित वादों के संबंध में कम स्टाम्प के प्रकरणों की जांच के लिए ग्राम पंचायत पैगा एवं सैंजनी नानकार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभिलेखों का गहन परीक्षण करते हुए कम स्टाम्प से संबंधित मामलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालयीन वादों में स्टाम्प शुल्क का सही एवं पूर्ण भुगतान अत्यंत आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व की हानि किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी न्यायालय में लंबित वादों का नियमित रूप से परीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक प्रकरण में निर्धारित स्टाम्प शुल्क का विधिवत भुगतान हो। साथ ही, कम स्टाम्प वाले प्रकरणों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# दूल्हा के अपने हाथों से सेहरा बांधकर पूर्व मंत्री नवेद मियां ने क़ायम की मिसाल



मसवासी में दूल्हा के सेहरा बांधते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

**रामपुर।** ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने अपने समर्थक को खुद सेहरा बांधा। यह मामला है मसवासी का। उन्होंने रस्म–ए–सेहराबंदी में शिरकत कर मसवासी में अपने प्रतिनिधि रहे जमील अहमद सभासद के भाई अनीस अहमद की शादी की ख़ुशियों में शिरकत की।इसके अलावा पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने स्वार, नरपतनगर और घोसीपुरा पट्टीकलां में समर्थकों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि चार बार विधायक निर्वाचित होने के कारण उन्हें स्वार टांडा क्षेत्र से लगाव है और हमेशा रहेगा। लेकिन, क्षेत्र में सक्रियता का मतलब राजनीतिक नहीं है। उन्होंने स्वार में शाह आलम खां, नरपतनगर में अजमल खां व जुल्फिकार अली और घोसीपुरा पट्टीकलां में प्रधान अब्दुल करीम नन्हे नेता के आवास पर लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां, राजा खां, डॉ मोहम्मद शाहरून, मोहम्मद यूसुफ, अज़ीम अहमद भी मौजूद रहे।

# पुरस्कार देकर किया सम्मानित




बच्चों को पुरस्कार देती शिक्षिकाएं। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बिलासपुर ब्लॉक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा कक्षा 1 से 8 तक प्रथम, द्वितीय तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ परीक्षाफल के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

साथ ही उन बच्चों को भी सम्मानित किया।जिन्होंने किसी अन्य क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसके अंतर्गत विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा नंदिनी सरकार ने आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 23 वीं रैंक प्राप्त की इसके लिए छात्रा के अभिभावक को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पूनम भारती , अर्चना पांडे,मीना यादव, रचना कपूर, जसकरण कौर ,मंजू शर्मा, देवांशी कटियार ,प्रीति ,हिमांशु श्रीवास्तव, राज किशोर शिशुपाल ,उपस्थित रहे

**समारोह** बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# प्राथमिक विद्यालय रहटगंज में हुआ वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय



परीक्षाफल एवं उपहार के साथ बच्चे एवं शिक्षक। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय रहटगंज में वार्षिकोत्सव, विदाई समारोह व मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एआरपी अरुण कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जिन बच्चों की उम्र 31 जुलाई 2026 को 6 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनकी सूची आंगनबाड़ी द्वारा प्रधानाध्यापक मनोज कुमार को सौंपी गई एवं उनका नवीन नामांकन विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से अपील की गई कि 31 जुलाई 2026 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले शत प्रतिशत बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में नामांकन कराएं एवं बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

कार्यक्रम में मनोज कुमार द्वारा विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गई। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी नवीन नामांकित बच्चों का उपहार देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हरिपाल शर्मा, दीपमाला शुक्ला, प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज बाला, सहायिका राजो आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 6 से 20 अप्रैल तक वितरित होगा खाद्यान्न

**चन्दौसी।** जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने प्रेसनोट जारी किया है। जिसमें कहा कि शनिवार से अन्त्योदय कार्डधारकों को 21 किलो गेहूं व 14 किलो चावल कुल 35 किलो प्रति राशन कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल कुल 5 किलो प्रतियूनिट खाद्यान्न का 6 से 20 अप्रैल तक निशुल्क वितरण कराया जाएगा। खाद्यान्न के निशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह वितरण के समय उपभोक्ता का ई-पाश मशीन पर अंगूठा लगवाने के उपरांत तत्काल पूर्ण मात्रा में निशुल्क गेहूं व चावल निर्धारित मात्रा में कार्डधारकों को उपलब्ध कराए।

### पूर्व सभासद ने दिया अवैध रूप से लेटर पैड

**गजरौला।** वार्ड 13 बुद्ध बाजार में पूर्व सभासद द्वारा अवैध रूप से लेटर पैड जारी करने का मामला सामने आया है। वर्तमान सभासद पति फुरकान अली ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। वहीं, पूर्व सभासद ने लेटर पैड चोरी होने और हस्ताक्षर फर्जी होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ा।

# राज्यमंत्री व जिपं अध्यक्ष ने रवाना की जागरूकता रैली

## कलक्ट्रेट सभागार में देखा गया मुख्यमंत्री का स्कूल चलो अभियान का लाइव प्रसारण, बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वारायणी से शिवपुर कम्पोजिट विद्यालय से किया गया लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि, अधिकारियों सहित बहुत से लोगों देखा व सुना। इसके उपरांत कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।


कार्यक्रम मे दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती राज्यमंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष।



हरी झंडी दिखाकर रवाना करती राज्यमंत्री जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का आरंभ आज मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है, वह दो चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण 1 से 15 अप्रैल व द्वितीय चरण 1 से 15 जुलाई तक चलेगा। इसका उद्देश्य जीरो ड्राप आउट करना है। ड्राप आउट बच्चों की सूची शारदा एप के माध्यम से प्राप्त होगी। इस बार का हमारा लक्ष्य होगा कि हम जीरो ड्राप आउट का लक्ष्य प्राप्त करें। स्कूल चलो अभियान हमारे लिए उत्सव की तरह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान का बच्चों, अभिभावकों, मीडिया, पोस्टर बैनर, सोशल मीडिया, एलईडी वैन आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना है ताकि सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक नामांकन हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार की ग्राम कुल की रैली तथा शपथ होती है उनके साथ स्कूल चलो अभियान की शपथ भी दिलवाए। प्रत्येक शनिवार को स्कूल चलो अभियान की शपथ प्रत्येक बच्चे को दिलवायी जाए। प्रथम चरण व द्वितीय चरण विशेष हैं, उनमें स्कूल चलो अभियान से संबंधित शपथ प्रत्येक विद्यालय में हो। उन्होंने कहा कि हमारे सरकारी विद्यालय निजी विद्यालय से कम नहीं है, पीएम श्री विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर एवं भविष्य में तैयार होने वाले संभल श्री विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर निजी विद्यालयों से अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि हमें कुछ स्थानों पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अलावा विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों में विशेष रूप से दिव्यांग, कामकाजी बच्चों के साथ-साथ गंगा किनारे गांव वाले बच्चों आदि जो ड्राप आउट हैं, वह शत-प्रतिशत सरकारी विद्यालयों में नामांकित होने चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। हमें मुख्यमंत्री के साथ मिलकर अपने देश के नव तरुणों को सक्षम बनाने का प्रयास करें, यह तब ही संभव है जब हम शिक्षा बच्चों को उचित माध्यम तथा पूरे मनोयोग के साथ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों के सम्मान तथा अभिभावकों को जागरुक करने का है। उन्होंने कहा कि हमारे सरकारी शिक्षक उच्च शिक्षित हैं, वह बहुत से पैरामीटर पर खरे उतरकर परीक्षा पास करके शिक्षक बने हैं, यह शिक्षक हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं, निजीविद्यालयों के स्थान पर सरकारी स्कूलों में बच्चों के अधिक से अधिक नामांतरण के लिए अभिभावकों को जागरुक करें।

राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का आरंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। उन्होंने अभियान के अंतर्गत शासन व प्रशासन द्वारा नवीन नामांतरण वाले बच्चों के चरण स्पर्श किए जा रहे हैं। इन बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर सम्मान किया जा रहा है, पुस्तकें वितरित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री का सराहनीय कदम है। आज जो बच्चों को सम्मान मिल रहा है तथा इन बच्चों द्वारा मालाएं पहनी हैं तथा सम्मान पाया है यह सम्मान बच्चों को हमेशा याद रहेगा। इससे बच्चों के अंदर आत्मबल तथा आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्रम के नवीन नामांकन वाले बच्चों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा टीका लगाकर तथा माला पहनाकर, पुस्तक देकर स्वागत सम्मान किया गया। इसके बाद राज्यमंत्री गुलाब देवी व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी, पालिकाध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, एडीएम न्यायिक सौरभ कुमार पांडेय, डीआईओएस सर्वेश कुमार, बीएसएस अलका शर्मा सहित समस्त खंड शिक्षाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# योग शिविर का भव्य शुभांरभ, सेहत की नई शुरुआत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** योग प्रकृति का अमूल्य वरदान है, जिसने इसे अपनाया वही महान है, इसी संदेश के साथ जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली द्वारा नगर के आवास विकास स्थिति संत तुलाराम पार्क में 30 दिवसीय योग शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें योग शिविर के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया।


योग शिविर में योगा करते जायंट्स ग्रुप के सदस्य व अन्य। -जागरण मोर्चा

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल तथा अध्यक्ष डा. मधु लता तोमर एवं योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इसके पश्चात जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को सूक्ष्म व्यायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, मंडूकासन, सिंहासन सहित विभिन्न योगासन एवं ताली व्यायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने प्रत्येक आसन के लाभों को विस्तार से बताते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से थायराइड, मधुमेह, पेट संबंधी समस्याएं एवं मोटापा जैसी बीमारियों से राहत पाई जा सकती है। साथ ही उन्होंने सूर्य नमस्कार एवं महायोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षिका ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से योग के प्रति निरंतर अभ्यास की आवश्यकता बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। इस दौरान डा. मधु लता तोमर, रेनू वार्ष्णेय, करुणा अग्रवाल, अलका वार्ष्णेय, हंसमुखी, संजय वर्मा, सेवानिवृत्त उप जिलाधिकारी कुलदीप चौधरी, नरेश चंद्र मौर्य, मुकेश वार्ष्णेय, हितेश वार्ष्णेय, राजेंद्र अग्रवाल, अरविंद कुमार मिश्रा, विजेंद्र सिंह पाठक, शिवा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## रेल कर्मी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उड़ाया 450 लीटर डीजल

**चन्दौसी।** गुमथल रेलवे स्टेशन पर 20 मार्च की रात खड़े डीजल (इंजन) से एक कर्मचारी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ 450 लीटर डीजल चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटैज से घटना का खुलासा किया है। आरपीएफ ने एक कर्मी व उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। राहुल निवासी ग्राम फत्तेपुर उत्तमा, थाना हयातनगर रेलवे कर्मचारी है। आरपीएफ ने दोनों भी को हिरासत में ले लिया। शनिवार को आरपीएफ ने तीनों चोरों को सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया है। अब आरपीएफ तीनों ने चोरी किए डीजल के विषय में जानकारी कर रही है।

# एंटी रोमियो टीमों ने संभाली कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-5.0) अभियान चल रहा है।

इसी के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में शनिवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों, शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।


मनोकामना इंटर कॉलेज मे छात्राओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम।



# महिला सभा का शपथ ग्रहण नई टीम ने संभाली कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा का विहार आवास विकास में नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सभा की संरक्षिका उर्मिला शर्मा, जिला सचिव आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके उपरांत सभी सदस्यों ने कल्याण मंत्र का जाप किया। कार्यक्रम में महामंत्री रंजना शर्मा ने रानी शर्मा को अध्यक्ष, नीलम राय को सचिव, अंशु नागर को कोषाध्यक्ष, सुधा शर्मा, सुनीता शर्मा उपाध्याय को सभा के प्रति उत्तरदायित्वों, कर्तव्यों एवं अनुशासन बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। पदाधिकारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीरा शर्मा, सुधा शर्मा, साधना पाठक, सपना शर्मा, माधुरी शर्मा, शिप्रा शर्मा, निर्मला मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

# नाबालिग से दुष्कर्म में दो दोषियों को 12-12 वर्ष का कारावास व 30,500 का लगाया जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ एक दोषी को 7 वर्ष का कारावास व 10500 रुपये अर्थदंड, एक महिला को 7 वर्ष का कारावास व 15500 रुपये से दंडित किया

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो सहित अन्य धाराओं में दो लोगों को 12 वर्ष का कठोर कारावास 30500-30500 रुपये अर्थदंड, एक व्यक्ति को 7 वर्ष का कारावास व 10500 रुपये अर्थदंड व एक महिला को 7 वर्ष का कारावार व 15500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना गुन्नौर निवासी पीड़ित ने थाने में तहरीर दी कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री घर से नाराज होकर 7 अगस्त 2015 को अपनी बुआ के घर थाना हयातनगर के एक गांव जा रही थी। तभी रास्ते में एक महिला उसकी पुत्री को मिली जिसने अपना नाम सरोज पत्नी सत्यपाल निवासी नन्दरोली थाना गुन्नौर बताया। महिला उसकी पुत्री को अपने साथ ले जाकर खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी पुत्री को अगवाह कर लिया और उसकी पुत्री को बांके निवासी समसपुर थाना मजरिया जनपद बदायूं को 50 हजार रुपये में बेच दिया। जहां 12 वर्षीय नाबालिग को बांके ने अपने घर एक वर्ष तक बंधक बनाकर रखा और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान मौका पाकर नाबालिग घर से निकल गई तभी रास्ते में मुकेश निवासी गौसंद नगर थाना बिलासी जिला बदायूं मिला और उसकी पुत्री को जबरदस्ती रोक लिया और अपने घर में जबरन रखा। यहां मुकेश ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

किसी तरह नाबालिग मुकेश के घर से मौका पाकर निकल गई। तो रास्ते में रामेश्वर उर्फ पुजारी निवासी दरियापुर थाना मुजरिया जिला बदायूं मिला और उसकी पुत्री को बंधक बनाकर अपने घर रखा। उसने भी नाबालिक से शारीरिक संबंध बनाए। 4 सितंबर 2019 को किसी तरह अपने घर पहुंची और अपनी मां को पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने उक्त घटना को लेकर पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मुकदमें की विवेचना के बाद विवेचक ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। जहां उस मुकदमें की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से सुना और कुछ को उक्त मुकदमें से दोषमुक्त कर दिया। जबकि सरोज, मुकेश, रामेश्वर उर्फ पुजारी व सुल्तान को दोषी पाया। न्यायालय ने मुकेश व रामेश्वर उर्फ पुजारी को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास व 30500-30500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा सुल्तान को 7 वर्ष के कारावास व 1500 रुपये तथा महिला सरोज को 7 वर्ष के कारावास व 15500 रुपये से अर्थदंड से दंडित किया है।

# गेहूं की कटाई करते समय युवती को सांप ने डसा, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचेटा काजी में खेत में गेहूं की कटाई के दौरान युवती के बांये पैर की उंगली ने सांप ने डस लिया। युवती के शोर मचाने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवती को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


युवती का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचेटा काजी निवासी सीता पुत्री चरन सिंह शनिवार की सुबह 9 बजे अकेली खेत पर गेहूं की कटाई कर रही। जबकि परिवार के लोग पीछे आ रहे थे। गेहूं की कटाई करते समय युवती के बांये पैर की उंगली सांप ने डस लिया। युवती शोर मचाने पर परिजन व आसपास खेतों पर कार्य कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और युवती को बाइक से सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसके बाद पदाधिकारियों ने तहसील गेट पर प्रदर्शन कर अपनी मांगे उठाई। उनका कहना है कि जनपद संभल में संचालित अधिकांश निजी विद्यालय शिक्षा विभाग के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इस संबंध में अभिभावकों की ओर से कई शिकायतें सामने आई है। जिसमें सरकारी आदेशों के बावजूद, निजी स्कूल एनसीईआरटी की सस्ती किताबों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पाठ्यक्रम में शामिल कर रहे हैं। इशसे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।



तहसील गेट पर प्रदर्शन करते भकियू कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

किसानों व कमजोर वर्ग के लोगों के बच्चों को पढ़ाई कराना बहुत ही मुश्किल होता जा रहा है। क्योंकि निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी किताबें न पढ़ाने व महंगी निजी किताबें थोपने व प्रतिवर्ष री-एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा निश्चित दुकानों से ही किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ये वस्तुएं बाजार भाव से कई गुना अधिक दामों पर मिल रही है। सत्र शुरू होने पर पुराने छात्रों से भी री-एडमिशन या डेवलपमेंट फीस के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है। निजी प्रकाशकों की पुस्तकें पिछले वर्ष की तुलना में काफी महंगी हो गई है, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी कठिनाई हो रही है। ज्ञापन देने वालों में भाकियू टिकैट के जिला सचिव नरेश राघव, हाजी अजीम, योगेंद्र यादव, राहत जहां सैफी, प्रमोद राघव, संजीव शर्मा, भूपेंद्र सिंह यादव, अंकित राघव, भुवनेश राघव आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुन झुमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कालोनी गली नंबर 10/2 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। वृंदावन धाम से आए कथा व्यास ओम प्रकाश महाराज ने अपने मुखारविंद से इस पावन प्रसंग का ऐसा सजीव चित्रण किया कि कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। इस दिव्य प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और कथा पंडाल राधे-राधे एवं जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कथा के अंत में श्रीमद् भागवत की आरती की गई तथा सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

समाधान दिवस | संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज हुई 43 शिकायत, 4 का मौके पर निस्तारण

# एसडीएम की मौजूदगी में सुनी गईं फरियादें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील परिसर स्थित सभागार में अप्रैल माह के पहले शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी ने लोगों की शिकायत को सुना, हालांकि इस बार समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, जिस पर संपूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने तक मात्र 43 शिकायत ही दर्ज हुई। जिसमें से 4 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि अन्य बची शिकायतों का संबंधित विभाग को सौंपकर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।


समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनते अधिकारी।

संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम सुबह इस बजे पहुंचे गए, लेकिन फरयादी कम नजर आए और दोपहर 12 बजे तक सीओ व अन्य कुछ अधिकारी वहां से चले गए, इसके साथ आए सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना, शिकायत सुनने के बाद वहां उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लें और तय समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।एसडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बनाए रखी जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है, इसलिए अधिकारी इस मंशा के अनुरूप कार्य करें। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 14, पुलिस की 6, चकबंदी की 4,विकास की 5, खाद एवं रसद की 2, समाज कल्याण की 1 और अन्य 11 शिकायत रही। इस दौरान सीओ दीपक तिवारी, तहसीलदार रवि सोनकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवसः सिर्फ दो फरियादियों को मिला न्याय

## एसडीएम और सीओ ने सुनीं समस्याएं, 23 शिकायतें दर्ज हुईं, बची शिकायतों को जल्द निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए क्षेत्र वासियों की शिकायतें एसडीएम एवं सीओ के द्वारा सुनी गई, संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 23 शिकायतें दर्ज हुई,जिसमें से अधिकारियों द्वारा दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची हुई 21 शिकायतों को जल्द निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को दी गई।

शासन के निर्देश पर शनिवार को ग्राम करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी के द्वारा जनता की शिकायतें सुनी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 6,पुलिस विभाग की 5, विकास विभाग की 2 चकबंदी विभाग की 6 एवं अन्य विभागों की 4 कुल मिलाकर 23 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से अधिकारियों द्वारा दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची हुई 21 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को दे दी गई। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए निर्देश दिए गए की संपूर्ण समाधान दिवस में इन शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका निस्तारण मौके पर जाकर करें। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा


संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करते हुए। -जागरण मोर्चा

### एक नजर

### बेटी के शादी के कार्ड बाटकर लौट रहे अधेड़ को दबंगों ने पीट कर किया घायल

**हसनपुर**। नगर के एक मोहल्ले में मामूली बात को लेकर दबंगों ने एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित बेटी की शादी है, कार्ड बाटकर अपने घर लौट रहा था।जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला खेवान निवासी हरिओम पुत्र शिवचरन रिश्तेदारी में बेटी की शादी के कार्ड बाटकर अपने घर लौट रहा था। क्योंकि पीड़ित की बेटी की बारात 19 अप्रैल को आनी है।जैसे ही वह मोहल्ले में पहुंचा तो मोहल्ले के ही कुछ दबंग युवको ने गालियां देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने गालियां देने को मना किया तो आरोपियों ने अधेड़ के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित बुरी तरह घायल हो गया और अपने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती सुनाई। घायल अधेड़ को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे। और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेजा जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### पति की संदिग्ध परिस्थितियों में गुमशुदगी, ससुराल पक्ष पर हत्या का संदेह

**हसनपुर**। थाना आदमपुर क्षेत्र के गाव भीमा सुल्तानपुर में एक विवाहिता ने अपने पति की गुमशुदगी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता कान्ति पत्नी गुड्डू ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता का आरोप है कि चार माह पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके पति गुड्डू के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की थी, जिसमें उनके हाथ-पैर टूट गए थे। इलाज के बाद गुड्डू ठीक हुए, लेकिन डेढ़ माह पूर्व होली के आसपास वह अपने घर चले गए, तब से उनका कोई सुराग नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उन्हें घर में घुसने नहीं दे रहे और सही जानकारी भी नहीं दे रहे हैं। पीड़िता को आशंका है कि ससुरालियों ने उनके पति की हत्या कर शव कहीं गायब कर दिया है। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मायके पक्ष के साथ पीड़िता संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची और कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में नौरंग सिंह,चतरु सिंह,कृष्णा, कमल सिंह, विनोद कुमार, ओम सिंह, चेनू सिंह, बिरम सिंह, नेतराम, बिरजू, पुरन, सौरभ, ब्रह्मपाल, मुंशी, लालमन, प्रेम शंकर, शिशुपाल आदि मौजूद रहे।

## ससुराल से लौट रहे दंपति को कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। ससुराल से लौट रहे सैद नंगली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दंपति की बाइक को संभल मार्ग पर कार ने मारी टक्कर, टक्कर लगने से एक की मौके मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी रागिब पुत्र तहसीन 45 वर्षीय शुक्रवार की देर शाम संभल जिले के गांव सिरसी से पत्नी तबस्सुम के साथ ससुराल से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक संभल मार्ग पर दोनों जिले के बॉर्डर के पास रमपुरा बिजली घर के सामने पहुंची तो सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही बाइक सवार रागिब की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी तबस्सुम बुरी तरह घायल हो गई। टक्कर लगते ही कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना स्थल पर रहागीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। एंबुलेंस के माध्यम से मृतक एवं घायल को सीएचसी हसनपुर भेजा, जहां घायल तबस्सुम को उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।सूचना पर परिजन भी सीएचसी पर पहुंच गए। सूचना पर नखासा पुलिस सीएचसी पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे तीन बेटा, एक बेटी व पत्नी तबस्सुम को रोते बिलखते छोड़ गया है। पुलिस ने कार एवं बाइक को कब्जे में ले लिया है।

## स्कूलों के खिलाफ भाकियू का मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने तहसील क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अभिभावकों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा और जांच कर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसान एवं अभिभावकों ने तहसील सभागार में चल रहे तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा पुस्तकों, ड्रेस एवं पीस के नाम पर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। एनसीईआरटी की सस्ती पुस्तकों को विद्यालय में प्रयोग में ना लेकर महंगी किताबें प्रयोग में लाई जा रही है। स्कूल प्रशासन कि जिन दुकानदारों से मिली भगत है, उसी दुकान पर विद्यालय का कोर्स मिलता है जहां अभिभावकों से काफी पैसे अधिक वसूले जाते हैं। हर साल बिना शैक्षणिक कारण के किताबें बदलकर अभिभावकों पर अनावश्यक बोझ डाला जाता है जिससे विद्यालय प्रबंधन को सीधा आर्थिक लाभ होता है।अगर कोई अभिभावक या छात्र इसका विरोध करता है।तो स्कूल प्रशासन द्वारा उसको प्रताड़ित किया करता है। मांग करते हुए कहा है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी विद्यालयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। एनसीईआरटी की पुस्तकें सभी विद्यालयों में चलाई जाए और दुकानदारों की मिली भगत पर तत्काल रोक लगाई जाए। विद्यालयों के द्वारा अधिक वसूल की गई धनराशि अभिभावकों को वापस दिलाई जाए और हर वर्ष बिना कारणवश किताबों का बदलाव नहीं होना चाहिए। भाकियू बीआर अंबेडकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कर दोषी विद्यालयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की, इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के अंदर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो अभिभावकों के साथ मिलकर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस मौके पर डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, सोनू गुर्जर, कुलदीप भारती, मेवाराम खड़गवंशी, सूरज पाल, जफर रजा, रूम सिंह, दीपक, किरन पाल, महेंद्र यादव, अभिषेक त्यागी, ईश्वर त्यागी आदि मौजूद रहे।


भाकियू बीआर अंबेडकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा


भगवान परशुराम शोभायात्रा को लेकर बैठक करते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

### आगामी भगवान परशुराम शोभायात्रा को लेकर नगर ब्राह्मण सभा की बैठक

**गजरौला**। नगर ब्राह्मण सभा की बैठक में भगवान परशुराम शोभायात्रा की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। शनिवार को नगर के जय भारत इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में आगामी 18 अप्रैल को भगवान परशुराम शोभायात्रा के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शोभायात्रा नगर के ललिता मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए शिव इंटर कॉलेज में संपन्न होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की झांकी के साथ-साथ अन्य झांकियों का भी आयोजन किया जाएगा। नगर अध्यक्ष ब्राह्मण सभा डॉ0 रवि भूषण शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज का हर व्यक्ति, विशेषकर युवा वर्ग, इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर सहयोग करेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रोहताश शर्मा, रोहित शर्मा, सर्वेश शर्मा, देवेश शर्मा, देवराज शर्मा, विपिन शर्मा, समीर प्रभाकर, प्रमोद उपाध्याय, उत्तम शर्मा, ईशान शर्मा, शुभम उपाध्याय, वीके शर्मा, विशाल शर्मा, विनोद शर्मा, अभय पांडेय, जागेश शर्मा, अनुज शर्मा, उत्सव शर्मा, उमेश शर्मा, डॉ- अनिल शर्मा, योगेश प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

## कनेटा में वार्षिकोत्सव, बच्चों ने मन मोहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। विकास खंड के गांव कनेटा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन इंचार्ज प्रधानाध्यापक अर्शे आलम ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित विद्यालय के तीन छात्रों उवैश, आंचल और मोहित को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, एआरपी सुलेमान फराज और शिक्षण संकुल सत्यपाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। ग्राम प्रधान पति जाबिर अली और एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने विद्यालय के विकास कार्यों की सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक अध्यापक ब्रह्मज्ञान सिंह और शहजाद आलम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में देशवीर सिंह, विक्रम सिंह, अशोक, जीशान, रूबी सहित अनेक शिक्षक, अभिभावक एवं ग्रामीण आदि मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कार देते हुए। -जागरण मोर्चा

## अधेड़ को दबंगों ने पीट कर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। नगर के एक मोहल्ले में मामूली बात को लेकर दबंगों ने एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित बेटी की शादी है, कार्ड बाटकर अपने घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला खेवान निवासी हरिओम पुत्र शिवचरन रिश्तेदारी में बेटी की शादी के कार्ड बाटकर अपने घर लौट रहा था। क्योंकि पीड़ित की बेटी की बारात 19 अप्रैल को आनी है। जैसे ही वह मोहल्ले में पहुंचा तो मोहल्ले के ही कुछ दबंग युवको ने गालियां देनी शुरू कर दी। पीड़ित ने गालियां देने को मना किया तो आरोपियों ने अधेड़ के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित बुरी तरह घायल हो गया और अपने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती सुनाई।

## टेट की अनिवार्यता का विरोध, दिल्ली रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। शनिवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर देशभर के शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए।जनपद अमरोहा से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने दिल्ली की और कूच किया था। इसी क्रम में गंगेश्वरी से भी सैकड़ो की संख्या में शिक्षक दिल्ली रवाना हुए।

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव यशपाल सिंह के नेतृत्व में जिले से हजारों की संख्या में शिक्षक दिल्ली में आज हो रहे धरने प्रदर्शन में प्रतिभाग करने को रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि टीईटी की अनिवार्यता 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए असंवैधानिक है।इसको अध्यापकों पर थोपे जाना बिल्कुल गलत है।उन्होंने बताया कि दिल्ली के रामलीला मैदान देश भर के शिक्षक आज टेट नामक काले कानून का विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षक आंदोलनरत है और टेट परीक्षा के विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता बिल्कुल असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में शिक्षकों के अहित वाला फैसला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को शिक्षकों के मान सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। आज गंगेश्वरी ब्लॉक से सैकड़ो की तादाद में शिक्षक एक दिन का अवकाश लेकर दिल्ली को रवाना हुए हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री जगवीर सिंह,ब्लॉक संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, प्रचार मंत्री संजय सिंह, वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, संदीप कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, कुलदीप त्यागी, आकाश त्यागी, अंकुश त्यागी, सुभाष चंद्र, वीरपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, देवकांत भारत भूषण, प्रवीण कुमार, दिनेश भड़ाना, प्रकाश सिंह, सोनू प्रकाश, मदनपाल, प्रदीप कुमार, विकास शर्मा, ओमपाल सिंह, संजू सिंह, संजीव कोहली आदि शिक्षक मौजूद रहे।

▸ नहीं लागू होने देंगे शिक्षकों के अहित वाला तुगलकी फरमान

## ट्रेन से जान देने पहुंची युवती, आरपीएफ पहुंचीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला**। नगर के एक मौहल्ले में एक व्यक्ति किराए के कमरे में रहता है। व्यक्ति की एक बीस साल की अविवाहित बेटी भी है। इसी मकान में एक युवक भी किराए पर रहता है, जो कि युवती की दूसरी बिरादरी का है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, इसकी भनक युवती के परिजनों को लगी तो उन्होंने युवती की शादी अमरोहा क्षेत्र निवासी एक युवक से तय कर दी। लेकिन युवती इस शादी से खुश नहीं थी और वह शादी से इनकार करने लगी। जिस पर परिजनों ने युवती को डांट फटकार दिया। शनिवार को युवती दुपहर बाद आत्महत्या करने रेलवे लाइन पर पहुँच गयी। आरपीएफ मौके पर पहुंची युवती को समझा बुझाकर लाइन से हटवाया और थाने ले कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया।

## कोतवाली में काम करने के दौरान पलंबर को लगा करंट हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। नगर की कोतवाली परिसर में मरम्मत कार्य के दौरान प्लंबर को लगा करंट छत से गिरकर प्लंबर बुरी तरह घायल सीएचसी से हायर सेंटर रेफर।

शनिवार को कोतवाली की पुलिस बैरक में टंकी फिटिंग का काम कर रहे एक पलंबर को हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट मैं आने से प्लंबर को तेज करंट लगते ही वह पुलिस बैरक की छत से नीचे रास्ते में आ गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद कोतवाली में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला मनापुर निवासी पलंबर तोताराम पुत्र ब्रह्मानंद कोतवाली में टंकी फिटिंग का काम कर रहा था। उसी स्थान पर पुलिस बैरक के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया,इस दौरान जैसे ही वह धारा प्रवाहित हाई टेंशन विद्युत तार के संपर्क में आया,तो उसे जोरदार करंट के झटके से वह बैरक की छत से नीचे गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में घायल को उठाया और नगर की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्लंबर की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ तुरंत सीएचसी पहुँचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना के बाद से ही अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

केयरकॉन-2.0 | टीएमयू इंटरनेशनल नर्सिंग कॉन्फ्रेंस 'केयरकॉन-2.0' संपन्न

## टीएमयू इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में मुंबई की नौसेना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रोस्पैक्ट एंड चैलेंजेज़ फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर दो दिनी कॉन्फ्रेंस-केयरकॉन-2.0 में महाराष्ट्र के इंडियन नेवल हॉस्पिटल शिप-आईएनएचएस में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रो. लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति पी. शेवाले ने रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में प्रथम अवार्ड प्राप्त किया, जबकि आईएनएचएस की ही प्राचार्या कर्नल एएस सरिता दूसरे पायदान पर रहीं। सिस्टर निवोदिता यूनिवर्सिटी- पश्चिम बंगाल के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की सुश्री सुवर्णा नेगी ने थर्ड पॉजिशन पाई है। रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में आईसीएमआर- नई दिल्ली के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर डॉ. योगेश कुमार वार्ष्णेय, टीएमयू नर्सिंग की प्रो. सुमन वशिष्ट और प्रो. अनुषी सिंह बतौर इवैल्यूएटर मौजूद रहे। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस-केयरकॉन में देश-विदेश के जाने-माने नर्सिंग एक्सपर्ट्स ने वर्चुअली 30 रिसर्च पेपर्स प्रजेंट किए। दूसरी ओर विला कॉलेज मालद्वीप की फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज़ की डिप्टी डीन डॉ. मनो प्रिया विजयान ने शोधकर्ताओं को शोध प्रस्ताव तैयार करने की वैज्ञानिक और संरचित प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए प्रभावी ग्रांट राइटिंग के लिए आवश्यक तत्वों जैसे उद्देश्य, कार्यप्रणाली और बजट निर्धारण पर विशेष जोर दिया। विभिन्न फंडिंग एजेंसियों तक पहुंच बनाने की रणनीतियां भी साझा कीं। उन्होंने नए रिसर्चर्स को आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित किया। बॉम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग-इंदौर की प्रो. एमएस विंसी बतौर मोडरेटर उपस्थित रहीं। अंत में वैलिडिक्ट्री सत्र में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. एम. जेसलीन, प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, डॉ. अनुराग वर्मा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। वीसी प्रो. वीके जैन ने आईसीएमआर से आए मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वैलिडिक्ट्री सत्र में वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास, प्रो. आरके गर्ग, प्रो. योगेश कुमार, प्रो. सुरेन्द्र सिंह गुर्जर आदि रहे।




## आंधी और भूकम्प से ढही उमंग डेयरीज की चिमनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। आंधी के कारण उमंग डेयरी लिमिटेड में एक प्लाट की चिमनी ढ़ह गयी। कम्पनी अधिकारीयों के अनुसार 55 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि हादसे के समय प्लांट बंद था और कोई कर्मचारी वहां पर कार्यरत नहीं था। जानकारी के अनुसार हसनपुर रोड पर उमंग डेयरीज लिमिटेड में पॉवर प्लांट में शुक्रवार की रात करीब नौ बजकर 50 मिनट पर तेज आंधी के कारण चिमनी मुड़कर पूरी तरह से झुक गई। गनीमत रही कि उस समय यह प्लांट बंद था और कोई कर्मचारी वहां पर कार्यरत भी नहीं था। चिमनी गिरने की जानकारी मिलने पर कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी एकत्र हो गए। इस बारे में कंपनी के एचआर हेड अबोध कौशिक ने बताया कि, शुक्रवार की रात को भूकम्प और आंधी के कारण चिमनी मुड़कर नीचे की और झुक गयी और क्षतिग्रस्त हो गयी। इसमें करीब 55 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त यह प्लांट बंद था और कोई कर्मचारी यहां पर कार्यरत नहीं था।



संपादकीय

# युद्धोन्माद से गहराता वैश्विक संतुलन

मध्य पूर्व की तपती धरती पर युद्ध की आंच थमने का नाम नहीं ले रही, बल्कि यह धीरे-धीरे वैश्विक अस्थिरता की लपटों में बदलती जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख भी संकेत देता है कि यह संघर्ष केवल सैन्य विजय तक सीमित नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन की जिद में उलझ चुका है। ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को पूरी तरह निष्क्रिय करने का उनका दावा जितना आक्रामक है, उतना ही अव्यावहारिक भी प्रतीत होता है। इस युद्ध की असली कीमत सीमाओं के भीतर नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को चुकानी पड़ रही है। तेल और गैस की बढ़ती कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ को झकझोर रही हैं। यदि ईरान अपने सहयोगियों के माध्यम से हॉर्मुज जलडमरूमध्य के साथ-साथ लाल सागर जैसे महत्वपूर्ण जल मार्गों को बाधित करता है, तो यह संकट और गहरा सकता है। ऐसे में यह केवल क्षेत्रीय टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर सीधा हमला बन जाता है। ट्रंप प्रशासन का अपने पारंपरिक सहयोगियों यूरोप और एशिया से दूरी बनाना इस संकट को और जटिल बना रहा है। नाटो जैसे गठबंधनों पर अनिश्चितता और 'स्वयं संभालो' की नीति यह संकेत देती है कि अमेरिका अब विश्व व्यवस्था का संरक्षक बनने से पीछे हट रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय भरोसा कमजोर पड़ रहा है। इतिहास गवाह है कि लंबे युद्ध केवल विनाश और असंतोष ही जन्म देते हैं। वियतनाम से लेकर इराक तक, हर संघर्ष ने विरोध की लहरें पैदा की हैं और आज भी वही स्वर अमेरिका और यूरोप में गूंज रहे हैं। इस बीच, खाद्य संकट, महंगाई और आपूर्ति श्रृंखला में टूटन जैसे खतरे तेजी से उभर रहे हैं। यदि कच्चे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचती हैं, तो कई अर्थव्यवस्थाएं चरमरा सकती हैं। कुल मिलाकर यह युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन, विश्वास और भविष्य की स्थिरता का भी है, जो आज गहरे संकट में खड़ा है।

# डिजिटल क्रांति से बदलता रिश्तों का संतुलन

डिजिटल क्रांति ने मानव जीवन को अभूतपूर्व गति और सुविधा दी है, लेकिन इसके समानांतर सामाजिक रिश्तों और पारिवारिक ताने-बाने में आई खामोशी चिंता का विषय बन रही है। तकनीक ने जहां दुनिया को करीब लाया, वहीं घर के भीतर दूरी बढ़ा दी है। यह द्वंद्व आज के समाज की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक है, जिस पर गंभीर मंथन आवश्यक है। तकनीक के विस्तार ने जीवन को आसान, तेज और अधिक उत्पादक बनाया है, जिससे वैश्विक स्तर पर संवाद और अवसरों के नए द्वार खुले हैं। लेकिन इसी विकास के साथ एक ऐसा परिवर्तन भी आया है, जिसने मानवीय संबंधों की जड़ों को धीरे-धीरे खोखला करना शुरू कर दिया है। आज व्यक्ति के पास संसाधन तो अधिक हैं, पर समय और भावनात्मक जुड़ाव का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। कुछ दशक पहले तक संयुक्त परिवार केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक संबल का मजबूत आधार हुआ करते थे। लोग अपने व्यस्त जीवन के बावजूद एक-दूसरे के लिए समय निकाल लेते थे। लोगों की शामें बातचीत, साझा अनुभवों और पारिवारिक मनोरंजन में बीतती थीं। लेकिन आज की स्थिति में एक ही घर में रहने वाले सदस्य भी अपने-अपने डिजिटल संसार में खोए रहते हैं। आज संवाद सीमित और औपचारिक हो गया है, जिससे आत्मीयता में कमी आई है।

मनोरंजन के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव आया है। जहां पहले परिवार एक साथ बैठकर टीवी कार्यक्रम या फिल्में देखते थे, वहीं अब व्यक्तिगत स्क्रीन ने उस सामूहिक अनुभव को खत्म कर दिया है। आज का मनोरंजन त्वरित और खंडित हो गया है ओटीटी प्लेटफॉर्म पर छोटे-छोटे एपिसोड, सोशल मीडिया पर शॉर्ट वीडियो यह सब मिलकर ध्यान की निरंतरता और धैर्य को भी प्रभावित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा और मानसिक तनाव का शिकार होता जा रहा है। कार्यस्थल की बदलती प्रकृति ने इस समस्या को और गहरा किया है। डिजिटल उपकरणों के कारण काम और निजी जीवन के बीच की सीमाएं धुंधली हो गई हैं। पहले जहां दफ्तर छोड़ने के बाद व्यक्ति अपने परिवार के साथ पूर्ण रूप से उपस्थित



होता था, वहीं अब स्मार्टफोन और ईमेल के माध्यम से काम हर समय साथ चलता है। यह निरंतर उपलब्धता व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन दोनों पर दबाव डालती है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों ने भी इस तनाव को बढ़ाया है। आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की खबरें लगातार लोगों के मन में असुरक्षा और चिंता पैदा कर रही हैं। घर का वातावरण, जो कभी सुकून का प्रतीक था, अब इन बाहरी दबावों से अछूता नहीं रहा। बच्चे भले ही इन परिस्थितियों को न समझें, पर वे घर के माहौल में मौजूद तनाव को सहज रूप से महसूस कर लेते हैं। ऐसे समय में परिवार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। केवल शारीरिक उपस्थिति पर्याप्त नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और संवाद आवश्यक है। छोटे-छोटे प्रयास जैसे बिना किसी डिजिटल व्यवधान के साथ भोजन करना, टहलना या दिनभर की घटनाओं पर चर्चा करना रिश्तों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ध्यानपूर्वक सुनना और एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, विश्वास और सुरक्षा की भावना को बढ़ाता है।

काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए स्पष्ट सीमाएं निर्धारित करना जरूरी है। तय समय के बाद कार्य-संबंधी गतिविधियों को सीमित करना और परिवार के समय को प्राथमिकता देना व्यावहारिक उपाय हो सकते हैं। परिवार में स्थिरता बनाए रखने में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे आश्वासन, मार्गदर्शन व सहयोग देकर बच्चों को सुरक्षित महसूस कराते हैं, विशेषकर अनिश्चित समय में। घर का शांत वातावरण बच्चों को बाहरी तनाव से बेहतर तरीके से निपटने में मदद करता है। जब माता-पिता सार्थक संवाद में समय लगाते हैं, तो वे एक मजबूत और सहायक माहौल का निर्माण करते हैं। यहां संगठनों की भूमिका अहम है कि वे अपने कर्मचारियों का समर्थन करें, उचित कार्य समय को बढ़ावा दें और उनके निजी समय का सम्मान करें। पूर्णरूप से संतुलन हमेशा संभव नहीं है, लेकिन सकारात्मक प्रयासों से दोनों जिम्मेदारियों में संतुलन बैठाया जा सकता है। काम और परिवार के बीच संतुलन केवल समय प्रबंधन की बात नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं को समझने का विषय भी है। यदि सजगता और संवेदनशीलता के साथ तकनीक को अपनाया जाए, तो यह जीवन को समृद्ध कर सकती है। लेकिन यदि रिश्तों की कीमत पर इसे प्राथमिकता दी गई, तो यह विकास अधूरा और खोखला साबित होगा।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि:-** समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी रहेगी, मित्रों, परिजनों और रिश्तेदारों का भरपूर साथ मिलता रहेगा।
- **वृषभ राशि:-** गुरु ग्रह का एकादश भाव में गोचर आपके कार्यों को सफल बनाता रहेगा, जरूरी निर्णय तेजी से लें।
- **मिथुन राशि:-** चंद्रमा का गोचर आज दिनभर आपके कार्यों को मजबूत बनाता रहेगा, जरूरी काम तेजी से करें।
- **कर्क राशि:-** समय आज से ठीक हो गया है, तनाव और परेशानियां दूर होंगी, जरूरी काम अभी न करें।
- **सिंह राशि:-** समय आज ठीक नहीं है, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, लोगों से बहस न करें।
- **कन्या राशि:-** चंद्रमा लगातार आपकी मदद कर रहा है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यों को एक-दो दिन में अवश्य कर लें।
- **तुला राशि:-** ग्रह आज आपका भरपूर साथ देने जा रहे हैं, सेहत सुधरेगी, यात्रा सुखद रहेगी।
- **वृश्चिक राशि:-** समय आज बढ़िया हो रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी, पिता पक्ष से सहयोग मिलेगा, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।
- **धनु राशि:-** समय आज ठीक नहीं है, लोग अनावश्यक आपको तंग कर सकते हैं, कामकाज में रुचि नहीं रहेगी।
- **मकर राशि:-** समय आज बढ़िया हो गया है, कल की परेशानियां और तनाव आज दूर होंगे, कामकाज बढ़िया रहेगा।
- **मीन राशि:-** समय आज से सामान्य हो रहा है, तनाव और परेशानियों से मुक्ति मिलेगी, कामकाज बढ़िया रहेगा।
- **कुंभ राशि:-** समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से करें।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता नया भारत



भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था अब ऊर्जा सुरक्षा के निर्णायक मोड़ पर है। विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए केवल पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर रहना न पर्याप्त है, न टिकाऊ। ऐसे समय में दीर्घकालिक नीतिगत दृष्टि, स्वच्छ ऊर्जा विस्तार और परमाणु शक्ति के सशक्त उपयोग की दिशा में उठाए गए कदम भारत के भविष्य की आधारशिला साबित हो सकते हैं।

भारत की आर्थिक प्रगति जिस तीव्रता से आगे बढ़ रही है, वह ऊर्जा की बढ़ती मांग का स्पष्ट संकेत है। यह मांग केवल मात्रा का प्रश्न नहीं, गुणवत्ता और स्थायित्व का भी विषय है। ऐसे समय में यह समझना जरूरी है कि केवल पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहकर इस आवश्यकता की पूर्ति करना न तो पर्यावरणीय दृष्टि से उचित है और न ही दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के अनुकूल। इसी चुनौती को अवसर में बदलने के लिए भारत ने ऊर्जा के विविध स्रोतों, विशेषकर हरित ऊर्जा व परमाणु ऊर्जा की दिशा में संतुलित और दूरदर्शी रणनीति अपनाई है। इसी संदर्भ में 'शांति अधिनियम, 2025' एक ऐतिहासिक नीति हस्तक्षेप के रूप में सामने आता है। दिसंबर 2025 में संसद द्वारा पारित और राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा नीति के पुनर्निर्माण का आधार है।

**केंद्रीय** बजट 2026-27 में इसके प्रावधानों का समावेश यह बताता है कि सरकार ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक परिवर्तन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह अधिनियम 1962 और 2010 के पुराने कानूनों को प्रतिस्थापित करते हुए एक आधुनिक, सक्षम और लचीला नियामक ढांचा प्रस्तुत करता है। इस कानून की विशेषता इसका संतुलित दृष्टिकोण है, जिसमें सीमित निजी भागीदारी और सशक्त नियामक निगरानी का समन्वय है। एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड को वैधानिक दर्जा देकर सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही को नई मजबूती दी गई है। यह कदम न केवल घरेलू विश्वास को बढ़ाता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए भी भारत को एक भरोसेमंद गंतव्य बनाता है। भारत ने 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को वर्तमान लगभग 8.8 गीगावाट से बढ़ाकर 100 गीगावाट तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य केवल ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि 2070 तक 'नेट-जीरो उत्सर्जन' के संकल्प को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुमानित 200 अरब डॉलर से अधिक का निवेश भारत के ऊर्जा क्षेत्र में संभावित क्रांति का संकेत देता है।

शांति अधिनियम का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह वैश्विक निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए नए द्वार खोलता है। 2010 के दायित्व कानून में निहित असीमित दायित्व की शर्त को हटाकर भारत ने खुद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ढाल लिया है। इससे रूस जैसे देशों के साथ तकनीकी साझेदारी और मजबूत होने की संभावनाएं बढ़ी हैं, जो पहले से ही कुडनकुलम जैसे परियोजनाओं में दिखाई देती हैं। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा परमाणु परियोजनाओं में उपयोग होने वाले उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी छूट को 2035 तक बढ़ाना उद्योग को दीर्घकालिक स्थिरता और विश्वास प्रदान करता है। साथ ही, स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर जैसे नवाचारों को प्राथमिकता देना यह बताता है कि भारत केवल वर्तमान आवश्यकताओं पर नहीं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा संरचना पर भी गंभीरता से विचार कर रहा है। आज जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और भूराजनीतिक अस्थिरता जैसी चुनौतियां एक साथ उभर रही हैं, तब भारत का यह एकीकृत दृष्टिकोण जहां नीति, निवेश और तकनीक का सशक्त समन्वय हो, उसे आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करेगा। निस्संदेह, यह पहल भारत को वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखती है।

■ जसवंत सिंह राजपूत

जीवनशैली



## प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र

# गर्मी का मौसम और शरीर से निकलता पसीना

गर्मी का मौसम आते ही शरीर से पसीना निकलना आम बात है। तेज धूप, बढ़ता तापमान और उमस के कारण अक्सर लोग पसीने से परेशान हो जाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि पसीना क्यों निकलता है और इसका हमारे शरीर के लिए क्या महत्व है? दरअसल, पसीना केवल असुविधा का कारण नहीं, बल्कि शरीर का एक महत्वपूर्ण सुरक्षा तंत्र है।

## पसीना क्यों निकलता है?

मानव शरीर का सामान्य तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस होता है। जब बाहरी तापमान बढ़ता है या हम शारीरिक गतिविधि करते हैं, तो शरीर का तापमान भी बढ़ने लगता है।

ऐसे में शरीर खुद को ठंडा रखने के लिए पसीना निकालता है। त्वचा में मौजूद 'स्वेद ग्रंथियां' पसीना बनाती हैं। यह पसीना त्वचा की सतह पर आकर वाष्पित हो जाता है, जिससे शरीर की गर्मी बाहर निकलती है और शरीर ठंडा होता है।

### पसीना कैसे बनता है?

**शरीर में दो प्रकार की स्वेद ग्रंथियां होती हैं-**

**एक्राइन ग्रंथियां**

ये पूरे शरीर में पाई जाती हैं और मुख्य रूप से तापमान नियंत्रित करती हैं।

**एपोक्रीन ग्रंथियां**

ये बगल और जननांग क्षेत्रों में होती हैं और इनसे निकलने वाला पसीना गाढ़ा होता है, जो बैक्टीरिया के संपर्क में आकर दुर्गंध पैदा करता है।

**पसीना मुख्यत**

पानी, नमक (सोडियम क्लोराइड) और थोड़ी मात्रा में अन्य अपशिष्ट पदार्थों से बना होता है।

### पसीने के फायदे

**शरीर को ठंडा रखना:** पसीने का सबसे बड़ा काम शरीर के तापमान को नियंत्रित करना है।

**विषैले तत्वों का निष्कासन:** पसीने के माध्यम से शरीर से कुछ हानिकारक तत्व बाहर निकलते हैं।

### पसीने से जुड़ी सावधानियां

- पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर डिहाइड्रेट न हो
- हल्के और सूती कपड़े पहनें
- अत्यधिक धूप में जाने से बचें
- नियमित स्नान करें ताकि बैक्टीरिया न पनपें
- संतुलित आहार लें



**त्वचा की सफाई:** पसीना त्वचा के रोमछिद्रों को साफ रखने में मदद करता है।

**रक्त संचार में सुधार:** पसीना आने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है।

पसीना भले ही हमें असहज महसूस कराता हो, लेकिन यह हमारे शरीर की प्राकृतिक और आवश्यक प्रक्रिया है। यह न केवल शरीर को ठंडा रखता है, बल्कि हमें गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। इसलिए अगली बार जब आपको पसीना आए, तो उसे परेशानी नहीं, बल्कि शरीर की सुरक्षा प्रणाली के रूप में समझें।

### अगर पसीना न निकले तो क्या होगा?

यदि शरीर से पसीना निकलना बंद हो जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन सकती है। इस स्थिति को एन्हाइड्रोसिस कहा जाता है। इसके परिणामस्वरूप शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ सकता है। हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। चक्कर आना, थकान और बेहोशी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता, जिससे अंगों पर असर पड़ सकता है। इसलिए पसीना आना एक स्वस्थ प्रक्रिया है और इसका होना जरूरी है।



हस्तशिल्प

# परंपरा से बाजार तक का सफर

भारत का हस्तशिल्प केवल कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। सदियों से चली आ रही यह परंपरा गांव-गांव में कारीगरों के हाथों से जीवंत होती रही है। मिट्टी, लकड़ी, धातु, वस्त्र और प्राकृतिक रंगों से निर्मित कलाकृतियां न केवल सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि स्थानीय जीवनशैली, रीति-रिवाजों और विश्वासों को भी अभिव्यक्त करती हैं। प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशिष्ट शैली होती है, जैसे राजस्थान की ब्लू पॉटरी, कश्मीर की पेपर माशी और वाराणसी की बनारसी साड़ी, जो भारतीय विविधता की झलक प्रस्तुत करती हैं।

### बदलते समय के साथ चुनौतियां

आधुनिकता और मशीनों के बढ़ते प्रभाव ने हस्तशिल्प को कई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। सस्ते और तेज उत्पादन के कारण मशीन-निर्मित वस्तुएं बाजार में छा गई हैं, जिससे हस्तशिल्प की मांग में गिरावट आई है। कारीगरों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। इसके अलावा, नई पीढ़ी इस पारंपरिक कला से दूरी बना रही है, क्योंकि इसमें मेहनत अधिक और आय कम है। परिणामस्वरूप कई प्राचीन शिल्प लुप्त होने के कगार पर हैं।

### बाजार से जुड़ाव की नई राहें

हाल के वर्षों में हस्तशिल्प को बाजार से जोड़ने के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए गए हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, हस्तशिल्प मेले और सरकारी योजनाएं कारीगरों को नए अवसर प्रदान कर रही हैं। 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों ने भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया है। अब कारीगर अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य और पहचान मिल रही है। इसके अलावा डिजिटल माध्यमों ने हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान किया है।

### भविष्य की संभावनाएं और संरक्षण की आवश्यकता

हस्तशिल्प का भविष्य तभी सुरक्षित रह सकता है, जब हम इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रति सजग रहें। इसके लिए आवश्यक है कि कारीगरों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और आधुनिक विपणन तकनीकों की जानकारी दी जाए। साथ ही, युवाओं को इस कला के प्रति आकर्षित करने के लिए नवाचार और डिजाइन में परिवर्तन लाना होगा। यदि परंपरा और आधुनिकता का संतुलन साधा जाए, तो हस्तशिल्प न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवित रखेगा।





# मासूमियत के साए में छिपा खतरा

आज के बदलते शहरी जीवन में पालतू जानवर रखना केवल शौक नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव बन चुका है। खासकर बिल्लियां अपनी मासूम अदाओं और शांत स्वभाव के कारण लोगों की पहली पसंद बनती जा रही हैं। घर के कोनों में उनकी चुपचाप मौजूदगी और खेल-खेल में की गई शरारतें उन्हें परिवार का अभिन्न हिस्सा बना देती हैं। लेकिन इस स्नेहिल रिश्ते के पीछे एक ऐसा पहलू भी छिपा है, जिस पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता, वह है स्वास्थ्य संबंधी जोखिम।

### जांच में सामने आया मामला

हाल ही में दक्षिण अमेरिका के उरुग्वे और आसपास क्षेत्रों में एक चिंताजनक मामला सामने आया है। मामला यह है कि बिल्लियों के संपर्क से खतरनाक फंगल संक्रमण

### बिल्लियों से जुड़ा अनदेखा सच

फैलता है। जांच में पाया गया कि इसका कारण स्पोरोथ्रिक्स नामक फंगस है, जो पहले केवल ब्राजील तक सीमित माना जाता था, लेकिन अब सीमाओं को पार कर अन्य देशों में भी फैल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे एक उभरते खतरे के रूप में देख रहे हैं, जो भविष्य में व्यापक असर डाल सकता है।

### आवारा बिल्लियों से ज्यादा खतरा

यह संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित बिल्लियों के घावों से फैलता है। विशेषकर उनके चेहरे, नाक और पंजों के आसपास बने जख्मों में यह फंगस सक्रिय रहता है। यदि ऐसी बिल्ली किसी व्यक्ति को खरोंच दे या काट ले, तो यह फंगस त्वचा के भीतर प्रवेश कर संक्रमण पैदा कर



सकता है। आवारा बिल्लियों में इसका खतरा अधिक होता है, क्योंकि वे कई संक्रमित जीवों के संपर्क में आती हैं। इसलिए बिना सतर्कता के उनके साथ संपर्क जोखिम भरा हो सकता है।

### संक्रमण का असर: त्वचा पर लाल दाने उभरना

इंसानों में इस बीमारी के लक्षण शुरुआत में बेहद साधारण दिखते हैं। त्वचा पर एक छोटा लाल दाना उभरता है, जो धीरे-धीरे घाव का रूप ले सकता है। कई बार ये घाव एक रेखा में फैलते नजर आते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर संक्रमण गहरा हो सकता है और शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकता है। वहीं बिल्लियों में यह संक्रमण ऐसे घावों के रूप में दिखता है जो जल्दी ठीक नहीं होते और प्रभावित स्थानों के बाल झड़ने लगते हैं।

### किन लोगों को अधिक खतरा?

यह संक्रमण खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए अधिक खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे लोगों में यह तेजी से फैलता है। इसलिए इनके लिए अतिरिक्त सावधानी बरतना आवश्यक है। बचाव ही इस समस्या का सबसे प्रभावी समाधान है। बिल्लियों के साथ खेलते समय सावधानी रखना, बीमार या घायल जानवरों से दूरी बनाए रखना और किसी भी खरोंच या काटने की स्थिति में तुरंत घाव को साफ कर डॉक्टर से संपर्क करना बेहद जरूरी है। साथ ही, पालतू बिल्लियों की नियमित जांच और साफ-सफाई पर ध्यान देना भी संक्रमण को रोकने में सहायक है। सही जानकारी और सतर्कता के साथ हम इस अनदेखे खतरे से सुरक्षित रह सकते हैं और अपने पालतू साथी के साथ स्वस्थ संबंध बनाए रख सकते हैं।

# हार के बाद रहाणे के स्ट्राइट रेट पर उठे सवाल



**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। KKR की IPL में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। KKR की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया।

गुरुवार को 10 गेंदों में 8 रन बनाने वाले त्र्यक्रके कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया। रहाणे ने मैच के बाद कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है।'

भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा, 'जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है और मुझे लगता है कि वे चाहते हैं कि मैं एक अलग तरह की पारी खेलूं। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि अजिंक्य रहाणे अपने खेल में इतना सुधार कर लेगा। इसलिए मुझे खुशी है कि वे मेरे बारे में बातें कर रहे हैं, फिर चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक।' उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि वे मेरे बारे में बात कर रहे हैं। उन्हें बात करने दीजिए। लेकिन बल्लेबाजी और साझेदारी के लिहाज से यह शानदार रहा है। मुंबई के खिलाफ हमने बहुत अच्छी साझेदारी की थी।' सनराइजर्स के खिलाफ अपनी धीमी पारी के बारे में रहाणे ने कहा, 'आप लोग जानते हैं कि मैं क्या कर रहा हूं। कभी-कभी बल्लेबाज के रूप में आपको वह लय नहीं मिलती, जिसकी आप उम्मीद करते हैं।

## संजीव गोयनका पर भड़के ललित मोदी, BCCI से की ये मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और बीसीसीआई से टीम को बैन करने की मांग की है। ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, 'मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका पूरी तरह से लूजर और सबसे बड़ा जोकर है। मैं उसके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और



खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए।' उन्होंने लिखा, 'अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता, तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम की ओनरशिप हमेशा के लिए छीन लेता। वह पूरी तरह से घमंडी जोकर है। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे–ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। सत्ता में बैठे लोगों की चापलूसी करना उसे बचने का तरीका नहीं है। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे। ' दरअसल, एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच 1 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी को हार का सामना करना पड़ा था। मैच के बाद संजीव गोयनका को पंत के साथ बातचीत करते हुए देखा गया था। इस घटना को फैंस और आलोचक गोयनका और केएल राहुल के बीच आईपीएल 2024 में हुई घटना से जोड़ कर देख रहे हैं। गोयनका को सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका से जुड़े मीम्स वायरल हो रहे हैं।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा था कि टूर्नामेंट में एक गेम हुआ है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। हालांकि ऋषभ पंत और संजीव गोयनका के बीच क्या बात हुई, यह स्पष्ट नहीं है।

# अभिषेक शर्मा पर लगा जुर्माना, अंपायर के फैसले पर जताई थी आपत्ति



**कोलकाता, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर गुरुवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शर्मा को एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। अभिषेक शर्मा ने अपनी गलती मानते हुए सजा स्वीकार कर ली है। आईपीएल की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अभिषेक ने आर्टिकल 2.3 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को मान लिया। कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और मानने वाला होता है। अभिषेक ने केकेआर के खिलाफ मैच में पारी की शुरुआत करते हुए 21 गेंदों पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 48 रन की पारी खेली। उनका आउट होना विवादित रहा और अंपायर के फैसले पर उन्होंने नाराजगी जताई। दरअसल, वरुण चक्रवर्ती ने डाइव लगाते हुए अभिषेक का कैच लिया था। उस समय ऐसा लग रहा था कि गेंद जमीन को छू गई है। यह घटना पारी के नौवें ओवर में हुई थी। थर्ड अंपायर ने कैच को वैध मानते हुए अभिषेक को आउट करार दिया। अभिषेक इस फैसले से सहमत नहीं थे और उन्होंने निराशा जताई। इस वजह से उन पर जुर्माना लगाया गया।

## आईपीएल के लिए नहीं मिली श्रीलंका क्रिकेट से एनओसी

### तुषारा ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने तेज गेंदबाज नुवान तुषारा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में हिस्सा लेने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) देने से मना कर दिया, जिसके बाद तुषारा ने कोलंबो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनी दखल की मांग की है। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज को आईपीएल 2026 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट मिला था। इससे पहले, पिछले दो सीजन में भी उन्होंने बोर्ड की मंजूरी के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। हालांकि, 'न्यूज वायर श्रीलंका' की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार एसएलसी ने उन्हें एनओसी देने से मना कर दिया है। बोर्ड का कहना है कि तुषारा जरूरी फिटनेस मानकों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को हुई, जिसमें कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 9 अप्रैल की तारीख तय की है। अपनी याचिका में, तुषारा ने एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, सचिव बंदुला दिसानायके, कोषाध्यक्ष सुजीवा गोदालियाद्दा और सीईओ एशले डी सिल्वा को प्रतिवादी बनाया है। तुषारा ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि बोर्ड के साथ उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2026 को खत्म हो रहा है, उन्होंने पहले ही बोर्ड को बता दिया था कि वे इस कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

## कोच ही एथलीटों से करवा रहा था डोपिंग! नाबालिगों को भी नहीं छोड़ा; 10 साल बाद खुली पोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और कोच पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया है। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों की वजह से पूरी दुनिया में रोज ही किरकिरी कराता है। अब ऐसा ही



कुछ उसने खेल जगत में भी किया, जिसकी वजह से वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचा है। खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष हाफिज इमरान बट और कोच इरफान बट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया। सीएएस के फैसले के मुताबिक, 2014 से 2016 के बीच दोनों अधिकारियों ने बड़े स्तर पर डोपिंग गतिविधियों को बढ़ावा दिया और खिलाड़ियों को स्टेरॉयड जैसे प्रतिबंधित पदार्थ दिए। इस गंभीर अपराध को देखते हुए उन्हें खेल से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। अब वे किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के तहत आती हो। इस मामले में एक और बड़ा नाम सामने आया है। पाकिस्तानी भारोत्तोलक अबूबकर गनी को भी चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। गनी 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान डोप टेस्ट में फेल पाए गए थे, जहां उनके सैंपल में टैमोक्सीफेन मेटाबोलाइट पाया गया था।

# क्रिकेट के साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए: युवराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट की तरह इन दिनों अन्य खेलों में भी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) की तर्ज पर फ्रेंचाइजी लीग शुरू हो चुकी है। इसी में एक नाम आईजीपीएल (इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग) का भी शामिल है। गुरुवार (2 अप्रैल 2026) को नई दिल्ली में गोल्फ प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए 10 फ्रेंचाइजी का ऐलान हुआ है। इस मौके पर लीग के ब्रांड एम्बेसडर और सह संस्थापक क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह भी मौजूद थे। युवी ने इस मौके पर क्रिकेटरों को भी गोल्फ खेलने की सलाह दी। इतना ही नहीं युवराज सिंह ने आईपीएल से गोल्फ प्रीमियर लीग की तुलना कर दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह क्रिकेट में आईपीएल के जरिए काफी युवा टैलेंट सामने आता है। कई खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। ठीक उसी तरह गोल्फ से भी युवा समेत सभी खिलाड़ियों को एक्सपोजर मिलेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को इस खेल में निखारने का सुनहरा अवसर भी मिलेगा। साथ ही युवराज ने क्रिकेटरों को भी गोल्फ खेलने की सलाह दी और कहा यह तनाव को दूर करने का अच्छा जरिया है।

'क्रिकेट के साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए'

टीम इंडिया के विश्व चैंपियन खिलाड़ी युवराज सिंह जो रिटायरमेंट के बाद से लगातार गोल्फ कोर्स में नजर आते हैं, उन्होंने अन्य क्रिकेटरों को भी यह खेल खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'क्रिकेटरों को भी क्रिकेट के साथ गोल्फ खेलना चाहिए। मुझ भी अपने करियर में जल्दी यह खेल खेलना शुरू कर देना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती।

## 2027 से बढ़ जाएगी आईपीएल मैचों की संख्या, कम हो सकती है द्विपक्षीय सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां संस्करण जारी है, 6 मैच खेले जा चुके हैं और आज चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच 7वां मैच है. इस सीजन 10 टीमें खेल रही हैं, जिनके बीच कुल 74 मैच खेले जाएंगे. लेकिन 2027 के बाद से मैचों की संख्या बढ़ सकती है. आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा कि आईपीएल विंडो बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है.



आईपीएल में जब 8 टीमें खेलती थी तब प्रत्येक टीम हर टीम से 2-2 मैच खेलती थी. लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस 2022 से खेल रही है, कुल टीमों की संख्या 10 हो गई हैं और अब लीग स्टेज में हर टीम सभी टीमों के साथ 2-2 मैच नहीं खेल पाती. अरुण धूमल का मानना है कि बिजी क्रिकेट कैलेंडर के कारण जगह इतनी नहीं है कि मैचों की संख्या 74 से बढ़ाकर 94 की जाए. डबल हेडर की संख्या बढ़ाना उन्हें व्यावहारिक नहीं लगता. हालांकि उन्होंने माना कि भविष्य में आईपीएल विंडो को बढ़ाया जा सकता है. इसके पीछे का कारण उन्होंने लोगों की कुछ सीरीज में कम रूचि बताया.

## मैच छोड़कर फ्लाइट पकड़ने भागा अफ्रीकी क्रिकेटर, अब बोर्ड लेगा तगड़ा एक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर बेयर्स स्वानपोल एक बड़े विवाद में फंस गए हैं. उन्हें काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से साफ इनकार कर दिया गया है. वहीं उनकी घरेलू टीम लॉयन्स और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है. पूरा मामला जोहानिसबर्ग में 29 मार्च को खेले गए सीएसए प्रोविंशियल वनडे चैलेंज डिवीजन वन के फाइनल से जुड़ा है, जहां लॉयन्स का सामना टाइटन्स से हुआ था. लॉयन्स के लिए खेल रहे बेयर्स स्वानपोल ने मैच के दौरान अपने 10 ओवर पूरे करने के बाद अचानक मैदान छोड़ दिया. उन्हें इंग्लैंड के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, जहां वह काउंटी क्रिकेट में भाग लेते. इसी चलते उन्होंने ऐसा कदम उठाया. हैरानी की बात यह रही कि टीम मैनेजमेंट को उनकी फ्लाइट की जानकारी पहले से नहीं थी. बेयर्स स्वानपोल ने मैच से एक दिन पहले ही एनओसी के लिए आवेदन किया था, जिसे मंजूरी नहीं मिली थी. इसके बावजूद वह बीच मैच में टीम को छोड़कर रवाना हो गए. इस घटना को क्रिकेट की छवि के खिलाफ मानते हुए सीएसए ने सख्त रुख अपनाया है.

## FY26 में फरवरी तक भारतीय फार्मा क्षेत्र ने 28 अरब डॉलर का निर्यात दर्ज किया

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस वित्तीय वर्ष में फरवरी तक भारतीय दवाओं का निर्यात 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच प्रतिशत ज्यादा है। फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (फार्मेक्सिल) के महानिदेशक के राजा भानु के अनुसार, वर्तमान में लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर के इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, "वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, दवा निर्यात उन चुनिंदा क्षेत्रों में से एक रहा है जिसने अपनी विकास गति को बनाए रखा है। वित्त वर्ष 2026 के अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान दवा निर्यात 28.29 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें वित्त वर्ष 2025 की इसी अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस वृद्धि में फॉर्मूलेशन, बायोलॉजिकल, टीके और आयुष उत्पादों का अहम योगदान रहा।"



## 'जंग जल्द खत्म हुआ तो बाजार पर पड़ सकता है सीमित असर', पश्चिम एशिया तनाव पर कोटक की रिपोर्ट

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के इक्विटी बाजारों को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। कोटक संस्थागत इक्विटी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा संघर्ष अगले कुछ हफ्तों में समाप्त हो जाता है, तो भारतीय बाजारों की कमाई पर इसका असर सीमित रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालिया समय में शेयर बाजार में आई गिरावट के बाद निवेशकों के लिए जोखिम और रिटर्न का संतुलन बेहतर हुआ है। यानी मौजूदा स्तर पर निवेश के अवसर पहले की तुलना में अधिक आकर्षक हो सकते हैं। विशेष रूप से अमेरिका की ओर से ईरान-इस्त्राइल संघर्ष को लेकर दिए गए संकेतों ने तनाव कम होने और ऊर्जा आपूर्ति स्थिर होने की उम्मीद बढ़ाई है।



रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति की हालिया टिप्पणियों से उम्मीद जगी है कि ईरान-इस्त्राइल/अमेरिका के बीच जारी संघर्ष का अंत हो सकता है और आने वाले महीनों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य हो सकती है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार की कमाई पर संभावित नुकसान सीमित रहेगा। कोटक ने अपने बेस केस परिदृश्य में माना है कि यह संघर्ष कुछ हफ्तों तक जारी रह सकता है, लेकिन इससे वैश्विक तेल आपूर्ति ढांचे पर कोई दीर्घकालिक असर नहीं पड़ेगा।

पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण को लेकर भारत की नीति किसी भू-राजनीतिक संकट, खासकर पश्चिम एशिया के तनाव, से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता के दीर्घकालिक लक्ष्य पर आधारित है। अनाज इथेनॉल निमार्ता संघ (जीईएमए) के अध्यक्ष सीके जैन ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि ई20 का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। इसका एक ही उद्देश्य है ऊर्जा में आत्मनिर्भरता। जब हमारे पास खुद का उत्पादन है, तो हम दूसरों पर निर्भर क्यों रहें? भारत ने 1 अप्रैल से ए20 का पूर्ण रोलआउट शुरू कर दिया है। जैन ने इसे अंतिम लक्ष्य नहीं, बल्कि एक चेकपॉइंट बताया।

## 'चीन की ओर नहीं मुड़ा ईरान से आ रहा कोई जहाज', सरकार ने भुगतान से जुड़ी खबरों को बताया बेबुनियाद

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ईरानी कच्चे तेल की खेप को लेकर फैल रही खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को सिरे से खारिज किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है कि भुगतान संबंधी दिक्कतों के कारण गुजरात के वडीनार से ईरान का कच्चा तेल चीन की ओर मोड़ा गया। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में सप्लाई से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से आयात भी शामिल है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि ईरानी कच्चे तेल के भुगतान को लेकर किसी तरह की कोई बाधा नहीं है, जैसा कि कुछ अफवाहों में दावा किया जा रहा है। सरकार ने दोहराया कि आने वाले महीनों के लिए भारत की कच्चे तेल की आवश्यकताएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और सप्लाई को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है।

# जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

## मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण ,छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग व पाठ्य पुस्तकें की वितरित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** स्कूल चलो अभियान के पहले चरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से किया। जिसका सजीव प्रसारण गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, ब्लाक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बरखेड़ा, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रोशनी सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सजीव प्रसारण के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि विकसित राज्य बनाना है। इसके लिए केंद्र और राज्य की सरकार संकल्पित है, अधिक से अधिक स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराया जाए।



स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करने के दौरान मंच पर मुख्य अतिथि एवं छात्र

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की पहल पर नए आयाम स्थापित किए गए हैं। समाज शिक्षित हो इसके लिए सभी बच्चों का दाखिला परिषदीय स्कूल में किया जाए। बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा शिक्षा के बिना समाज का देश का प्रदेश का विकास संभव नहीं है। 2017 के बाद बेसिक शिक्षा की सूरत में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। स्कूल में सभी संसाधनों की व्यवस्था की जा चुकी है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा आज से ही सभी लोग संकल्प लें कि गांव का कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे उसे स्कूल में दाखिल किया जाए। इसके लिए शिक्षक अभिभावकों से संपर्क करें। विकसित भारत बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान जरूरी है। स्कूलों में फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था की जा चुकी है। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को सम्मानजनक तरीके से अक्षत रोली का तिलक लगाया गया और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद स्कूल बैग और पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। स्कूल बैग और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। निपुण विद्यालय के शिक्षकों को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की शिक्षा की अलख प्रत्येक व्यक्ति तक अंतिम पायदान तक पहुंचे। शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा की लक्ष्य प्राप्ति तक नामांकन के प्रयास किए जाएं, यदि स्कूल में दाखिला लेने से एक भी बच्चा छूटा तो लक्ष्य हमारा टूटा यह मानकर चलना है। स्कूलों में स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब की स्थापना की जा चुकी है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी सुनील कुमार सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, सचिन चैधरी, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, सय्यदा, शबाना बी, नीरजा शुक्ला, डॉली सिंह, अवंती गंगवार, के के सागर, अंजली गंगवार सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश कुमार आर्य ने किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत पूरनपुर विधानसभा के रामनगर मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन के तृतीय सत्र में विधायक बाबूराम पासवान सहित अन्य लोगों ने सरकार की उपलब्धियां विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकताओं को दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा हरदेव सिंह ने की, जबकि मंच का सफल संचालन मंडल महामंत्री रोहित मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण अभियानों से कार्यकताओं को सरकार की नीतियों और योजनाओं की बेहतर जानकारी मिलती है, जिससे वे आमजन तक इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकते हैं।



सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान

# किसानों की मांगे पूरी न होने पर भाकियू करेगी आंदोलन

## क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद व्यवस्था सुचारू करने आदि की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने जिले भर गेहूं किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को दिया। इसमें सरकारी गेहूं खरीद केंद्रो पर व्यवस्था सुचारू करने, पूरनपुर में फायर स्टेशन का निर्माण कराने आदि की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर सन्नाटा छाया है। जनपद में कहीं भी कोई खरीद नही हो रही है। जबकि गेंहूं की कटाई जोरों से हो रही है। मजबूर किसानों को अपनी फसल आढ़तियों, नकली बीज संयंत्रों पर व खाद्यान्न माफियों के हाथ बेंचनी पड़ रही है। जिला प्रशासन तत्काल गेहूं खरीद केन्द्रों पर खरीद शुरू कराए। अन्यथा आदोलन करना पड़ेगा। पूरनपुर व कलीनगर तहसील क्षेत्र में हर वर्ष आगजनी की घटनाए होती है जिससे किसानों की हजारों हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जल कर राख होती रही है। आम जन-मानस का भी आग से नुकसान होता है। इसलिए पूरनपुर में फायर स्टेशन का निर्माण तत्काल हो। जब तक फायर स्टेशन का निर्माण नही होता तब तक अप्रैल व मई माह तक पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की तैनाती 24 घंटें दोनों तहसील क्षेत्रों में होनी चाहिए। मंजीत सिंह ने बताया कि किसानों की समस्या और मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में किसान बलजीत सिंह चीमा, सर्वेश कुमार वर्मा, निर्मल सिंह, बालकराम वर्मा सहित कई किसान शामिल रहे।



भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार, पुलिस ने घर से दबोचा

## मारपीट व गाली-गलौज के आरोप भी साबित,पुलिस नें आरोपित महिला को भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गाली गलौज व मारपीट कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपी महिला को पुलिस नें मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस नें गिरफ्तार महिला को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने, मारपीट व गाली-गलौज के मामले में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, 19 फरवरी 2026 को वादी श्रीराम पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम नजीरगंज दुर्जनपुरकला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया था। प्रारंभिक रिपोर्ट में कई लोगों को नामजद किया गया था, लेकिन विवेचना के दौरान अन्य नामजद व्यक्तियों की संलिप्तता गलत पाई गई।जांच में यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्ता मीरा देवी द्वारा मृतका माधुरी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उसे मारने-पीटने के साथ गाली-गलौज कर मानसिक रूप से परेशान किया गया, जिसके चलते मृतका ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला मानते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। जिसके बाद पुलिस नें मामले में मुखबिर की सूचना पर आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के बाद महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। महिला आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिद्धू, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा महिला कांस्टेबल भारती शामिल रही।

# जगतपुर का मामला दिव्यांग के घर तक पाइप लाइन डालने से इनकार

## *ठेकेदार की मनमानीः घर तक पानी चाहिए तो खुद खोदो नाली*

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** हर घर जल योजना को किस प्रकार पलीता लगाया जाता है। इसकी बानिगी ग्राम पंचायत जगतपुर में देखने को मिली। आरोप है कि जल निगम और ठेकेदार की कार्यप्रणाली से दिव्यांग के घर तक पाइप लाइन डालकर कनेक्शन नहीं किया गया। गुजारिश करने पर दिव्याग से कह दिया कि घर तक पानी चाहिए तो खुद नाली खेदनी पड़ेगी। परेशान दिव्यांग ने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में शिकायतकर्ता पंकज कुमार सिंह का कहना है कि वह एक निजी संस्था का प्रबंधन करते हैं और लगभग 60 प्रतिशत दिव्यांग हैं। इससे दैनिक जीवन के कार्यों में परेशानी उठानी पड़ती है। जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे जल निगम के ठेकेदार ने मनमानी करते हुए और बगैर सहमति के भूमि के पास खड़ंजा के किनारे टंकी लगाकर कनेक्शन कर दिया। जबकि टंकी से उनका घर काफी दूर है। उन्होंने टंकी से पानी भरकर घर तक ले जाने की समस्या बताई लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। आरोप है ठेकेदार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि घर तक टंकी लगवाना चाहता है तो पाइप लाइन के लिए खुद नाली खोदनी पड़ेगी। दिव्यांग ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# सेहरामऊ पुलिस नें फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव जहूरगंज निवासी सुनील कुमार आबकारी अधिनियम के एक मामले में वांछित था और काफी समय से फरार चल रहा था।पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर के बाहर मौजूद है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे आरोपियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# विश्वकर्मा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में बांटे गए रिपोर्ट कार्ड



विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल में रिपोर्ट कार्ड पाकर खुशियां मनाते बच्चे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के रामलीला मैदान के पास स्थित विश्वकर्मा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं को सम्मानित मंच से अंक पत्र वितरित किए गए। कक्षा एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। अंक पत्र प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं उपस्थित शिक्षकों, शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में आदित्य श्रीवास्तव, स्नेहा गुप्ता, अक्षिता पांडे, अन्भी कश्यप, कृष्णा कटियार, हरप्रीत कौर, हरगान सिंह, पूर्वी गुप्ता, दिव्यांश, आयुष और काव्या पांडे शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार बाजपेई, शिक्षक हरिश्चंद्र वर्मा, अनीता पांडे, नीलम शर्मा, विजयलक्ष्मी, प्रिया राठौर और श्रुति शर्मा सहित।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये मौके पर 07 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, नायब तहसीलदार, सीओ सिटी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह२


# आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार, पुलिस ने घर से दबोचा

## मारपीट व गाली-गलौज के आरोप भी साबित,पुलिस नें आरोपित महिला को भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गाली गलौज व मारपीट कर आत्महत्या के लिए उकसाने वाली आरोपी महिला को पुलिस नें मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस नें गिरफ्तार महिला को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने, मारपीट व गाली-गलौज के मामले में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, 19 फरवरी 2026 को वादी श्रीराम पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम नजीरगंज दुर्जनपुरकला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया था। प्रारंभिक रिपोर्ट में कई लोगों को नामजद किया गया था, लेकिन विवेचना के दौरान अन्य नामजद व्यक्तियों की संलिप्तता गलत पाई गई।जांच में यह तथ्य सामने आया कि अभियुक्ता मीरा देवी द्वारा मृतका माधुरी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उसे मारने-पीटने के साथ गाली-गलौज कर मानसिक रूप से परेशान किया गया, जिसके चलते मृतका ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला मानते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। जिसके बाद पुलिस नें मामले में मुखबिर की सूचना पर आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के बाद महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। महिला आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिद्धू, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा महिला कांस्टेबल भारती शामिल रही।


# घायल अजगर का सफल रेस्क्यू सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा गया



अजगर का सफल रेस्क्यू वन विभाग ने सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** गजरौला आज दिनांक 04 अप्रैल 2026 को पीलीभीत रेंज के मरौरी सेक्शन अंतर्गत पीलीभीत-गजरौला मार्ग पर माला मोड़ के पास पुल किनारे एक अजगर सांप घायल अवस्था में मिला। जानकारी मिलते ही वन विभाग और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे थाना गजरौला कला क्षेत्र के काटना नदी के पास यह अजगर सड़क किनारे घायल हालत में पड़ा था, जिससे राहगीरों में भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने सावधानीपूर्वक अजगर को रेस्क्यू किया और प्राथमिक उपचार दिया। रेस्क्यू के बाद अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय पर सूचना मिलने से वन्यजीव की जान बचाई जा सकी।

# अंबेडकर जयंती को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज



अम्बेडकर जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए गांव-गांव संम्पर्क

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव (14 अप्रैल 2026) के उपलक्ष्य में क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। महा बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति पूरनपुर के सदस्यों द्वारा विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने ग्राम गुलाबटांडा, नौरंगाबाद, मैना कोट, पूरनपुर देहात, मझारा सहित कई गांवों में पहुंचकर लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पब्लिक इंटर कॉलेज, पूरनपुर में पहुंचने तथा शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान कप्तान सिंह बाबूजी, अश्विनी गौतम, किशन लाल गौतम, संतोष पासवान, अशोक कुमार, एडवोकेट विकास सागर, प्रदीप कुमार सागर, रामनरेश कुशवाहा और नरेश पाल गौतम एडवोकेट सहित अन्य लोगों ने सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार किया। आयोजन समिति ने बताया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर पूरनपुर में भव्य कार्यक्रम और शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में दो युवकों की मौत, गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम

## मंडी गेट पर दो घंटे जाम, पुलिस के आश्वासन पर खुला रास्ता

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** तिलहर हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शनिवार सुबह नवीन मंडी गेट के सामने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार, मंसूरपुर गौटिया निवासी विपिन कुमार (पुत्र बाबूराम) और उमेश कुमार (पुत्र छेदालाल) शुक्रवार रात करीब आठ बजे कपसेड़ा मेले से खीरा-पानी बेचकर बाइक से तिलहर लौट रहे थे। जैसे ही वे नवीन मंडी के पास ओवरब्रिज की चढ़ाई पर पहुंचे, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में विपिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उमेश ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह परिजन और ग्रामीण मंडी गेट पहुंच गए और आरोप लगाया कि हादसे के बाद भी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने तुरंत कब्जे में नहीं लिया। नाराज लोगों ने मंडी गेट बंद कर दिया, जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे हल्का इंचार्ज प्रमोद कुमार ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ नहीं मानी। बाद में सीओ ज्योति यादव और कोतवाल जुगुल किशोर पाल मौके पर पहुंचे और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे से गांव में शोक की लहर है। मृतक विपिन की पत्नी गर्भवती है, जबकि उमेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों के शव गांव पहुंचे, माहौल गमगीन हो गया और एक साथ दो अर्थियां उठने से हर आंख नम हो गई।



# समाज सेवी एवं उद्यमी निहाल सिंह का उन्नतशील किसानों ने धूमधाम से मनाया जन्मदिन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** जनपद के प्रमुख समाज सेवी एवं उद्यमी निहाल सिंह ने का जन्मदिन क्षेत्र के उन्नतशील किसानों ने लगभग 30 विभिन्न स्थानों पर उत्साह के साथ मनाया आज इन कार्यक्रमों में शामिल होने से पहले प्रमुख उद्यमी एवं समाज सेवी निहाल सिंह ने सर्वप्रथम रामगंगा स्थित गौशाला पर पहुंचकर गायओं को गुड़, चना खिला कर सेवा की इसके उपरान्त रास्ते में खीले चने रामगंगा तिराहे पर बन्दरों को खिलाये गए और वहाँ स्थित लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके उपरान्त उन्नतशील किसानों द्वारा मझगवां ब्लॉक, मझगवाँ ब्लॉक, अलीगंज, राजपुर कलां, भजनई, खटेटा, गुलड़िया मन्दिर पर स्वागत व जलाभिषेक, पिपरिया, लभारी, कठौती, आलमपुर कोट, रामनगर, मऊचन्द्रपुर, रेवती मोड़, कंधरपुर मोड़, किशनपुर चौराहा, कसूमरा बाजार, मनौना, रायपुर मोड़, नूरपुर, सम्राट अशोक मूर्ति माल्याअर्पण आँवला में, आँवला तहसील, रानी अबंतीबाई लोधी मूर्ति माल्याअर्पण आँवला में, भीमपुर मोड़, महाराणा प्रताप मूर्ति पर माल्याअर्पण आँवला में, पुरैना मन्दिर, रामनगला चौराहा, भमौरा, देवचरा आदि स्थानों पर स्वागत किया गया इसके पश्चात बरेली पहुंचने विभिन्न संगठनों द्वारा जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से राहुल शर्मा, मनोज श्रोतिये, प्रेम लोधी, अंकुर सिंह, मनोज मौर्य, अर्जुन सिंह, सुभाष चंद्रा, प्रेरित भारद्वाज, महिपाल सिंह, अशोक लोधी, वीरेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# सेहरामऊ पुलिस नें फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव जहूरगंज निवासी सुनील कुमार आबकारी अधिनियम के एक मामले में वांछित था और काफी समय से फरार चल रहा था।पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर के बाहर मौजूद है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे आरोपियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम, नन्हें -मुन्नों ने मचाया धमाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरेली।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडनपुर, विकास क्षेत्र- मीरगंज, में शनिवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश,ग्राम प्रधान रिजवान अहमद,कोटेदार घनश्याम मौर्य , परमानंद राजपूत ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र -छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता,डांस,बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ नाटिका,मिशन शक्ति अभियान नाटिका को प्रस्तुत कर समा बांध दिया। छात्र -छात्राओं को प्रगति- पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । नवीन शैक्षिक सत्र 2026- 27 के लिए कक्षा 6 के नवीन नामांकित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर एवं उपहार देकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बच्चों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका प्रतिश्रुति ने अभिभावकों, एसएमसी के पदाधिकारियों एवं जन समुदायों को अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने एवं शत प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए जागरुक एवं प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर भोले राम प्रजापति ने किया।विनीता कुमारी सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।




# राजश्री कालेज के गृहविज्ञान विभाग में वार्षिक समारोह आरंभ का हुआ आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रिठौरा।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी के गृहविज्ञान विभाग में वार्षिक फूड फेस्ट कार्यक्रम आरंभ आयोजित किया गया। इस समारोह में फूड फेस्ट के अंतर्गत विभिन्न परम्परागत एवं आधुनिक खाद्य व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। रीजनल एम्ब्राइडरी आधारित विभिन्न परिधानों, काष्ठ-कला आधारित दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रदर्शन करते हुए ,गृहविज्ञान विभाग की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को रूबरू कराया। समारोह में मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं सचिव राकेश कुमार अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए अपने अनुभव साझा किए । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बेहतर स्वास्थ्य के लिए पाक- कला में स्वच्छता, गृह सज्जा में प्रवीणता से सम्बन्धित महत्व को समझाते हुए संपूर्ण टिप्स दिये साथ ही छात्राओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया। फूड फेस्ट में अंशरा परवेज, संजना, वर्षा, भावना को छोले-भटूरे बेस्ट फूड स्टाल के लिये, बेस्ट स्टाल डेकोरेशन नेहा शर्मा एण्ड ग्रुप को प्रथम स्थान से नवाजा गया। बॉटल आर्ट कम्पटीशन में किंजा को, फैशन फिगर डिजाइनिंग में सिमरन को विजेता घोषित किया गया।



# सड़क दुघर्टना में घायल कर्मी की उपचार के दौरान मौत, मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रिठौरा।** थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला साहूकारा के टेक चन्द्र (56) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीबीगंज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात थे। मंगलवार को वह घर से ड्यूटी पर निकले थे। कुछ समय बाद उनके बेटे सचिन साहू के मोबाइल पर काल आई हमारा एक्सीडेंट हो गया है।हम अस्पताल में भर्ती हैं। तुरंत परिजन शहर अस्पताल पहुंचे, परिजनों के अनुसार रास्ते में कहीं टैम्पो पलट गया था। जिसके चलते वह घायल हो गए। उन्हें टैम्पो चालक ने ही अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां वृहस्पतिवार को देर रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जैसे ही उनके निधन की खबर घर पहुंची पत्नी यशोदा का रो -रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे दो बेटे तीन बेटियां छोड़ गये हैं। आक्समिक निधन की खबर पर चेयरमैन शकुंतला देवी पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, अंजलि गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता आदि ने गहरा शोक जताया है।


मृतक टेक चंद्र

# प्रेम विवाह के एक साल में ही हुई अनबन, थाने पहुंची महिला

## घुंघचाई थाना के सामने महिला व उसके परिजनों ने किया हंगामा ,पुलिस ने हंगामा कर रहे सभी को थाने में बैठाया, मची खलबली

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** प्रेम विवाह करने के एक बाद बीतने के बाद ही दंपति में अनबन हो गई। मामला थाने तक पहुंचा। इस दौरान थाने के गेट के सामने ही महिला व उसके परिजनों ने हंगामा करना शुरू दिया और महिला के पति पर दबाव बनाया। नौबत मारपीट पर आ गई। हंगामा होता देख पुलिस पहुंच गई और सभी को थाने के अंदर ले जाकर बैठा लिया। हालांकि देर शाम तक मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकी थी। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र का है। शनिवार की दोपहर बाद डायल 112 पुलिस एक महिला को लेकर थाने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि उसके सास-ससुर उसे प्रताड़ित करते हैं। शनिवार को मारपीट की। महिला के थाने पहुंचने की जानकारी पर उसके मायके पक्ष और ससुराल पक्ष के लोग पहुंच गए। महिला ने थाने से बाहर गेट पर आकर सास-ससुर पर आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। अपने पति पर भी आरोप लगाए। उसके मायके पक्ष के लोग भी मारपीट करने पर आमादा हो गए। वहीं ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि प्रेम विवाह से उसके सास-ससुर संतुष्ट नहीं हैं। वह अपने बेट से भी कोई वास्ता नहीं रखना चाहते हैं। हालांकि दोनों पक्षों में थाने के गेट के सामने कहासुनी होने के साथ बात मारपीट तक पहुंच गई। काफी देर से हंगामे की जानकारी पर थाना पुलिस पहुंच गई। उसने दोनों पक्षों को थाने ले जाकर बैठा लिया। पुलिस ने बताया कि महिला ने युवक के परिजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस बुलाई। डायल 112 पुलिस महिला व उसके पति को थाने लेकर पहुंची। इसी दौरान महिला के मायके वाले पहुंच गए। दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। अन्यथा की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


घुंघचाई थाने के पास हंगामा होने की सूचना पर पुलिस पहुंच गई

# ट्रस्ट की जमीन खाली कराने को नोटिस देकर कार्रवाई भूले जिम्मेदार

## स्वामित्व संबंधी अभिलेख भी एसडीएम के समक्ष नहीं किए पेश , नगर में रामा ट्रस्ट की 68 दुकानों पर कब्जे का मामला

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**बिलसंडा।** नगर की पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामा ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से दुकानें बनवाकर किए गए कब्जे के मामले मे गत वर्ष जांच करने के उपरांत काबिज सभी दुकानदारों को एसडीएम ने नोटिस जारी किए।जिसमें तीन दिन के अंदर दुकान के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया था। हालांकि प्रशासन की इस कार्यवाही से उस वक्त उन सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा, परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से मामला फिर से ठंडे बस्ते में पड़ गया। बता दें कि नगर के ही कुछ लोगों ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने रामा ट्रस्ट की बेशकीमती करोड़ों की जमीन पर करीब 68 दुकानें बनी होने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया था, कि कब्जेदारों ने आज तक ट्रस्ट में किराए के नाम पर धेला भी जमा नहीं किया। जिस पर तत्कालीन एडीएम ने बीसलपुर के एसडीएम से रिपोर्ट तलब की थी । जिसके बाद तत्कालीन एसडीएम महिपाल सिंह ने इस मामले की चार बिंदुओं पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की, लेकिन उनके द्वारा सभी बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं होने की बात कहकर रिपोर्ट दी गई। जबकि उन्हें ट्रस्ट की जमीन पर कुल कितनी दुकानें बनी होने ,और उन पर कौन-कौन व्यक्ति काबिज हैं , क्या उनसे किराया वसूला जा रहा है।इतना ही नहीं उन्होंने काबिज लोगों को नियमानुसार जगह का आवंटन किए जाने के बाबत विस्तृत रिपोर्ट देनी थी,परंतु मामले में लीपापोती करते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई जानकारी नहीं होने का जिक्र करते हुए उस वक्त रिपोर्ट दी गई थी। जिसके बाद एसडीएम ने स्वयं आकर जांच भी की। बताते हैं कि जांच के दौरान कई दुकानदारों ने दुकानों का बैनामा होने की बात तो कही, परंतु मौके पर किसी भी दुकानदार ने बैनामा नहीं दिखाया। यही वजह है कि उस वक्त एसडीएम द्वारा ऐसे सभी दुकानदारों को दो बार नोटिस भी जारी किए गए जिसमें उन्होंने तीन दिन के अंदर दुकानों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया था। हालांकि उस वक्त प्रशासन की इस कार्यवाही से ऐसे सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा। जो अवैध रूप से ट्रस्ट की जमीन पर वर्षों से काबिज है। बताते हैं कि सपा शासन काल में जब मामले ने तूल पकड़ा तो तत्कालीन तहसीलदार नन्हे सिंह यादव ने भी इस मामले की जांच की थी। कोई कार्यवाही अमल में आ पाती, इससे पहले ही उनका भी स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद पूर्व एसडीएम वंदना त्रिवेदी ने भी ट्रस्ट पर काबिज दुकानदारों से किराया जमा करने को कहा था। परंतु आज तक किसी ने भी किराया जमा नहीं किया। अधिशासी अधिकारी द्वारा गोल-मोल तरीके से दी गई रिपोर्ट के बाद तत्कालीन एसडीएम ने स्वयं आकर मामले की जांच की थी। उन्होंने जमीन पर काबिज दुकानदारों से पूंछताछ करने के साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी की थी। बताते हैं कि नोटिस दिए जाने के बाद आज तक प्रशासन द्वारा ऐसे कब्जेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में लाई ही नहीं गई, जिसकी वजह से ऐसी सभी दुकानदारों का कब्जा बरकरार है। अब यह मामला एक बार फिर से सुर्खियों में आया है, क्योंकि मामले की शिकायत इस बार मुख्यमंत्री से की गई है।

# कलशयात्रा के साथ देवीस्थान मंदिर पर रामकथा प्रारंभ

## पहले दिन शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल के परिवार द्वारा प्राचीन देविस्थान मंदिर पर शनिवार से संगीतमय श्री राम कथा का श्रीगणेश वंदना के साथ भव्य शुभारंभ हो गया।कथा के पहले दिन शिव पार्वती विवाह का वर्णन सुनाया गया तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।इससे पहले महिलाओं ने पीत वस्त्रधारण कर कलशयात्रा भी निकाली। रात्रि कालीन वेला में कंपिल फरुर्खाबाद से पधारे कथा व्यास देवमूर्ति पंकज मिश्रा ने शिव चरित्र का सुन्दर वर्णन किया। व्यास ने मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत होने की कथा सुनाई।श्री राम कथा का वर्णन श्रोताओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था।जिसमें भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था।भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती ने अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही।इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं।उनके घर यज्ञ चल रहा था,पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। जिसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया।माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार भी होना पड़ा। आज की कथा यहीं पर संपन्न होती है,आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। व्यवस्था में सुमित जायसवाल, कमलेश शुक्ला, रामेंद्र गोस्वामी, रामदास जायसवाल,हर्ष,आशुतोष, सुरेंद्र,राघव,निहाल जायसवाल ,नन्हे कश्यप,धीरज वर्मा,प्रशांत शर्मा,सुधीर जायसवाल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के के मिश्रा समेत लोग का विशेष सहयोग रहा।


देवीस्थान मंदिर पर रामकथा का रसपान कराते देवमूर्ति पंकज मिश्रा

# बेसिक की मान्यता पर लगाई माध्यमिक की कक्षाएं तो संचालकों की खैर नहीं

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निशाने पर ग्रामीण क्षेत्र के निजी स्कूल ,आरटीई नियमों के उल्लंघन पर लगेगा एक लाख का जुमार्ना, दर्ज होगा मुकदमा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत होते ही शिक्षा विभाग ने बेसिक की मान्यता पर माध्यमिक की कक्षाएं संचालित करने वाले स्कूलों पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। अधिकारी का दावा है कि इस शैक्षिक सत्र में मान्यता के विपरीत कक्षाओं या गैर मान्यता के स्कूल का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। अगर कोई भी स्कूल संचालक आरटीई के नियमों का उल्लंघन करता है तो स्कूल पर ताला लगाया जाएगा। एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के साथ संचालक पर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। शासन से गैर मान्यता के स्कूलों का संचालन करने पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके अधिकांश स्कूल संचालक अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे हैं। पूरे जिले में पिछले साल भी गैर मान्यता के स्कूलों को बंद कराने पर सख्ती हुई लेकिन पूरी तरह से सफलता नहीं मिली। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के जितौरिया, पुन्नापुर, बिलंदपुर अशोक, घुंघचाई, मटेहना व डूडा कालोनी, सिमरिया, सुल्तानपुर, जोगराजपुर, नजीरगंज आदि गांवों के अलावा माधोटांडा और कलीनगर क्षेत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के नियमों का उल्लघंन कर धड़ल्ले से निजी स्कूलों में अवैध कक्षाओं का संचालन हो रहा है। बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश निजी स्कूल ऐसे हैं जिनमें बेसिक शिक्षा विभाग से कक्षा एक से पांच, छह से आठ या एक से आठ की मान्यता हैं लेकिन इनमें नौ से 12 तक की कक्षाओं का भी संचालन होता है। इस संबंध में आए दिन शिकायते भी अधिकारियों तक पहुंचती हैं लेकिन विभागीय कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक सीमित रह जाती है। हालांकि इस बार शिक्षा विभाग के अधिकारी ने गैर मान्यता के स्कूल बंद कराने के साथ मान्यता वाले स्कूलों में अवैध कक्षाओं का संचालन पूरी तरह से बंद कराने की तैयारी कर ली है।

> पिछले शैक्षिक सत्र में बीआरसी क्षेत्र के दो स्कूलों को बंद कराया गया। गैर मान्यता और बेसिक की मान्यता पर माध्यमिक कक्षाओं का का संचालन करने वाले निजी स्कूलों को चिन्हित कराकर संचालकों पर जुमार्ने व मुकदमा की कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **– विजय वीरेंद्र सिंह**
> **बीईओ, पूरनपुर**




# सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के किए दर्शन, प्रदेश भर में शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान

**एजेंसी समाचार**





**वाराणसी।** सीएम योगी शनिवार की सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन किए। इसके बाद बाबा कालभैरव के दर्शन किए। इसके बाद सीएम ने काशी से ही पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बाबा विश्वनाथ व ह्यकाशी कोतवालह्व काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलकर आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बात की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर में काशी से स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने पांच निपुण बच्चों को बैग और किताबें देकर सम्मानित किया।

कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बच्चों संग काफी खुश नजर आए। उन्होंने खुद बच्चों के कंधे पर स्कूल बैग पहनाया और किताबें दी। उनसे हालचाल पूछा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 से पहले सरकार के एजेंडे में शिक्षा नहीं थी। गरीब बच्चों के बारे में किसी को कोई चिंता नहीं थी। उनके लोग नकल कराते थे। आज ऐसा नहीं है। आज परिवेश और पद्धति दोनों में बदलाव आया है। अब बच्चों को पारंपरिक के साथ तकनीकी शिक्षा भी दी जा रही है, जिससे उन्हें रोजगार भी मिले।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी देखी और उनसे प्रोजेक्ट के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री 9.15 बजे सुबह कार्यक्रम स्थल पहुंचे और 10.50 बजे स्थल से रवाना हुए।

इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों और मीडियाकर्मियों को भी प्रवेश नहीं दिया गया।

स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा सिर्फ डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं है, मनुष्य को मनुष्य बनाने का सशक्त माध्यम है। इस माध्यम को सफल बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है, वे यदि परिश्रम करें अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो सफलता निश्चित मिलेगा। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश में सभी शिक्षकों ने मेहनत किया और ऑपरेशन कायाकल्प को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। हर घर से सभी बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने का काम किया।

# धोखाधड़ी के आरोपी को कोर्ट ने 17 अप्रैल को पेश होने का दिया आदेश

## रुपयों के लेनदेन और चेक बाउंस मामले में न्यायालय सख्त, आरोपी की गैरहाजिरी पर जारी हुए कड़े निर्देश

**– जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आगरा।** रुपयों के लेनदेन और कथित धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आगरा ने प्रतिवादी यश्वी शर्मा के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उसे 17 अप्रैल 2026 को न्यायालय में पेश होने का आदेश जारी किया है।

बताया जा रहा है कि न्यायालय द्वारा इससे पहले भी आरोपी को समन भेजकर अदालत में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आरोपी ने कोर्ट में पेश होना जरूरी नहीं समझा। लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अब मामले में सख्त रुख अपनाया है और अगली तिथि 17 अप्रैल 2026 निर्धारित करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए हैं।

मामले के वादी मनोज कुमार सिंह ने अपने अधिवक्ता जयवर्धन के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि वर्ष 2021 में प्रतिवादी यश्वी शर्मा ने घरेलू जरूरत बताते हुए उनसे एक लाख सत्तर हजार रुपये छह माह के लिए उधार लिए थे। वादी के अनुसार यह रकम डिजिटल भुगतान और कुछ नकद राशि के रूप में दी गई थी। निर्धारित समय बीत जाने के बाद जब मनोज कुमार सिंह ने अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोप है कि



आरोपी यश्वी शर्मा

प्रतिवादी पक्ष की ओर से टालमटोल की गई और बाद में धमकी तक दी गई। इसके बाद वादी ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया था कि वादी मनोज कुमार सिंह की मुलाकात अजय कुमार शर्मा से एक बस यात्रा के दौरान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच संपर्क बना और जनवरी 2021 में परिवार की समस्या बताकर रुपये उधार लिए गए।

आरोप है कि मार्च 2021 में अजय शर्मा के भाई विजय के एक्सीडेंट का हवाला देकर कुछ रकम यश्वी शर्मा के खाते में डलवाई गई, जबकि कुछ रकम नकद दी गई। इस लेनदेन में कुल करीब एक लाख अठारह हजार रुपये का भुगतान होना बताया गया। वादी का यह भी कहना है कि रुपये वापसी के लिए यश्वी शर्मा की ओर से एक लाख दस हजार रुपये का चेक दिया गया था, जो बाद में बाउंस हो गया। इसके बाद प्रतिवादी पक्ष द्वारा केवल 8 हजार रुपये ही वापस किए गए।

मामले में लगातार न्यायालय में उपस्थित न होने को लेकर अदालत ने नाराजगी जताई है। न्यायालय ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि आरोपी अगली तिथि पर भी पेश नहीं होता है तो उसके खिलाफ और कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अब इस मामले में 17 अप्रैल 2026 की तिथि अहम मानी जा रही है, जब आरोपी को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा।

# पूर्व प्रमुख के बेटे ने गोली मारकर दी जान, दो मंजिला मकान के कमरे में मिला शव; पहुंची फॉरेंसिक टीम

**एजेंसी समाचार**



**भदोही।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के सारीपुर गांव में शनिवार को एक बेहद दुखद घटना सामने आई, जहां पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय ज्वाला सिंह के बेटे 56 वर्षीय राजेश कुमार सिंह उर्फ अन्नू ने लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार अन्नू सिंह शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे वाराणसी से अपने गांव सारीपुर पहुंचे थे। परिवार के अधिकांश सदस्य वाराणसी में रहते हैं और गांव में ईंट-भट्ठा व अन्य कार्यों की देखरेख के लिए आते-जाते रहते हैं। घर पहुंचने के बाद अन्नू सिंह सीधे मकान की दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चले गए। बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी लाइसेंसी राइफल से सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनाई नहीं पड़ी, लेकिन जब खाना लेकर नौकर कमरे में पहुंचा तो वह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गया। कमरे में अन्नू सिंह का शव खून से लथपथ पड़ा था। उसने तुरंत परिवार और आसपास के लोगों को सूचना दी।

घटना की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर गोपीगंज कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया और लाइसेंसी राइफल को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पांच दिन की पुलिस रिमांड पर चारों आतंकी, प्रदेश को दहलाने की थी साजिश; ये शहर थे निशाने पर

**एजेंसी समाचार**



**लखनऊ।** देश के प्रमुख स्थानों, रेलवे ट्रैक के सिग्नल बॉक्स और वाहनों में आगजनी कर दहशत फैलाने की साजिश रचकर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का प्रयास करने के मामले में गिरफ्तार किए गए आतंकी साकिब, अरबाब, लोकेश एवं विकास को एटीएस के न्यायाधीश जैनेंद्र कुमार पांडे ने पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने का आदेश दिया है। एटीएस आरोपियों को पांच अप्रैल की सुबह 10 बजे से नौ अप्रैल की शाम छह बजे तक हिरासत में लेकर पूछताछ कर सकेगी।

इसके पहले एटीएस ने आरोपियों को पूछताछ के लिए 10 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने की मांग वाली अर्जी दी गई। इसपर सुनवाई के लिए शनिवार को आरोपियों को जेल से लाकर कोर्ट में पेश किया गया। रिमांड अर्जी स्वीकार कर एटीएस की ओर से कहा गया कि सूचना मिली कि कुछ भारतीय व्यक्तियों का एक गिरोह है, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के निरंतर संपर्क में है।

यह गिरोह सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यमों से देश विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर उनकी जानकारी हासिल करना है। इसके बाद सभी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को उपलब्ध कराना है। अर्जी में यह भी कहा गया है कि सूचना के अनुसार रेलवे सिग्नल बॉक्स एवं वाहनों में आग लगाकर रेल यातायात को बाधित करने का प्रयास करेंगे। इससे सामूहिक जान माल का खतरा होगा और उनका वीडियो बनाकर पाकिस्तानी हैंडलरों को भेज सकेंगे।

**बताया किन स्थानों पर की गई रेकी**

बहस के दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपियों के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा परीक्षण कराने व उनकी ओर से किन-किन स्थानों की रेकी की गई है यह भी पता लगाना है। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों आदि का विश्लेषण कर उनके संबंध में गहन पूछताछ भी की जानी है। कहा गया कि आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर किन-किन स्थानों की रेकी की गई है और उन स्थानों का चिन्हीकरण कर पॉइंट आउट मेमो तैयार किए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त करनी है। इसके अलावा आरोपियों ने किन-किन धार्मिक नेताओं एवं महत्वपूर्ण स्थान की रेकी की है, यह भी पता लगाना है। एटीएस ने आरोपियों को दो अप्रैल को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था, जहां से आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

# समान नागरिक संहिता: तल्ख हुए असदुद्दीन ओवैसी के तेवर

## बोले- मुसलमानों पर थोपा जा रहा हिंदू कानून

**एजेंसी समाचार**

**अहमदाबाद।** देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर चल रही बहस के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि यूसीसी के बहाने सरकार मुसलमानों पर हिंदू उत्तराधिकार कानून थोपने की कोशिश कर रही है, जो संविधान के खिलाफ है। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि भारतीय संविधान देश के हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी आजादी देता है। लेकिन यूसीसी के जरिए मुसलमानों के पर्सनल लॉ को खत्म कर उन पर दूसरे धर्म के कायदे-कानून लादे जा रहे हैं।

ओवैसी ने यूसीसी के ड्राफ्ट को लेकर कहा कि शादी, तलाक और विरासत को लेकर इस्लाम में अपने अलग नियम हैं। लेकिन सरकार जो यूसीसी ला रही है, उसमें तलाक के लिए व्यभिचार का सबूत मांगना, अदालती दखल और विशेष परिस्थितियां जैसी चीजें शामिल की गई हैं। ये सभी हिंदू धर्म और उनके कानूनों का हिस्सा हैं। इन्हें जबरन मुसलमानों पर क्यों थोपा जा रहा है?

ओवैसी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 यानी जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। ओवैसी के मुताबिक, मुसलमानों का अपना एक अलग विश्वास और उसूल हैं और इस तरह का कोई भी कानून निकाह जैसे पवित्र रिश्ते की गरिमा को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने दावा किया कि नए कानून में गुजारा भत्ता, एलिमनी और संपत्ति के बंटवारे के जो नियम रखे जा रहे हैं, वे पूरी तरह से हिंदू पर्सनल लॉ से प्रेरित हैं।

# हिमाचल में 'सफेद आफत': अटल टनल से धुंधी तक फंसे सैकड़ों वाहन, पुलिस ने चलाया रेस्क्यू

**एजेंसी समाचार**

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के अटल टनल के साऊथ पोर्टल से सोलंगनाला तक बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। सड़क पर बर्फ की परत जमने से सुबह लाहौल की ओर गए वाहन फंस गए। देर शाम बर्फबारी तेज हुई तो वाहन स्किड होने लगे। मनाली पुलिस ने रेसक्यू अभियान चलाकर वाहनों को निकालना शुरू कर दिया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा खुद मौके पर पहुंच गए है।

पुलिस ने हालांकि अटल टनल साधारण वाहनों के लिए बंद कर दी थी लेकिन सुबह सिस्सू और कोकसर की ओर गए पर्यटक शाम को लौटने लगे तो बर्फबारी तेज हो गई। वाहन स्किड होने से अटल टनल के भीतर भी वाहनों की लाइन लग गई हैं। टनल से हॉकी पुल तक जाम के हालत बने हैं।

अटल टनल के साउथ पोर्टल से धुंधी तक बर्फबारी ने सैर सपाटे को निकले पर्यटकों की दिक्कतें बढ़ा दीं। पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को सुरक्षित निकालकर मनाली की ओर भेज रही है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा खुद टीम सहित मौके पर डटे रहे। भारी बर्फ के बीच पर्यटकों को निकाला जा रहा है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि टनल के साउथ पोर्टल से धुंधी की ओर पर्यटक वाहन आने लगे तो स्किड हो गए। जिससे यहां जाम की समस्या हो गई। हालांकि, पर्यटक वाहनों को सुरक्षित निकाला जा रहा है।






जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।